

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail: tarunpressraipur@gmail.com tarun_press@yahoo.co.in
Web: www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर,शनिवार 08 मार्च 2025 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-8 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-337 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 9 मार्च 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

phone: 0771-2543112


## महिलाओं का आशीर्वाद मेरा कवच : मोदी

**गांधीनगर,8 मार्च।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गुजरात के नवसारी के वानसी-बोरसी में लखपति दीदी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया, जहां उन्होंने 1.1 लाख से अधिक महिलाओं को संबोधित किया। इसके अलावा नरेन्द्र मोदी ने में जी-सफल और जी-मैत्री सहित विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में माता गंगा का आशीर्वाद मिले और आज मातृशक्ति के इस महाकुंभ में आप सभी माताओं-बहनों के आशीर्वाद मिले। आज महिला दिवस का ये दिन, गुजरात की मेरी मातृभूमि और इतनी बड़ी संख्या में माताओं, बहन-बेटियों की ये उपस्थिति, इस विशेष दिन... आपके इस प्यार, स्नेह और आशीर्वाद के लिए मैं मातृशक्ति को सिर झुकाकर नमन करता हूं। मोदी ने कहा कि आज यहां गुजरात सफल और गुजरात मैत्री, इन दो योजनाओं का शुभारंभ भी हुआ है। अनेक योजनाओं के पैसे भी महिलाओं के बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर किए गए हैं। मैं इसके लिए भी आप सभी को बधाई देता हूं। आज का दिन महिलाओं को समर्पित है। उन्होंने कहा क आज इस दिन, मैं गर्व से कह सकता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। जब मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं, तो कई लोगों के कान खड़े हो जाएंगे। आज पूरी ट्रॉल सेना मैदान में उतर जाएगी, लेकिन मैं फिर भी दोहराऊंगा कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। मेरी जिंदगी के अकाउंट में करोड़ों माताओं, बहनों-बेटियों का आशीर्वाद है और ये आशीर्वाद निरंतर बढ़ता जा रहा है, इसलिए मैं कहता हूं कि मैं दुनिया का सबसे धनवान व्यक्ति हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत महिलाओं के नेतृत्व में विकास की राह पर चल पड़ा है। हमारी सरकार महिलाओं के जीवन में सम्मान और सुविधा दोनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। हमने करोड़ों महिलाओं के लिए शौचालय बनवाकर उनका सम्मान बढ़ाया है। हमने करोड़ों महिलाओं के खाते खुलवाकर बैंकिंग से जोड़ा है। हमने उज्ज्वला सिलेंडर देकर उन्हें धुएं जैसी तकलिफों से बचाया है। उन्होंने कहा कि आज समाज के स्तर पर, सरकार के स्तर पर, बड़ी-बड़ी संस्थाओं में महिलाओं के लिए ज्यादा से ज्यादा तरजीह दी गई है। राजनीति का मैदान हो या खेल का मैदान, न्यायपालिका हो या फिर पुलिस... देश के हर सेक्टर में, हर आयाम में महिलाओं का परचम लहरा रहा है।



### सीएम विष्णुदेव साय ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की दी शुभकामनाएं

**रायपुर.** सीएम विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की सभी नारीशक्ति को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी है. उन्होंने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने के लिए महिलाओं की सहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है. इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने महतारी वंदन योजना जैसी ऐतिहासिक पहल की है. महिला दिवस के अवसर पर आज महतारी वंदन योजना की 13वीं किश्त जारी की जाएगी. इस अवसर पर आज महतारी वंदन योजना की 13वीं किश्त जारी की जाएगी.

## अब तो मुझे चलना भी याद नहीं:सुनीता विलियम्स

**नई दिल्ली,8 मार्च।** अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में बीते करीब 9 महीने से फंसी सुनीती विलियम्स और बेरी विलमोर के लौटने का समय नजदीक आ रहा है। बोइंग के स्टारलाइनर से दोनों अंतरिक्षयात्री केवल 10 दिनों के टूर पर गए थे। हालांकि उनके यान में खराबी आ जाने की वजह से वे अब तक लौट ही नहीं पाए। अब शुक्रवार को NASA ने कहा है कि अगले सप्ताह ही स्पेसएक्स ड्रैगन लॉन्च किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि सुनीता विलियम्स और विलमोर 16 मार्च तक धरती पर लौट आएंगे। हालांकि सुनीता विलियम्स का कहना है कि इतने दिन अंतरिक्ष में बिताने के बाद अब उनके लिए धरती पर अजस्ट करना भी कोई आसान काम नहीं है। धरती पर चलना उनके लिए कांटों पर चलने के जैसा है। उन्होंने कहा, अब तो मैं चलना भी भूल गई हूं। अंतरिक्ष स्टेशन में गुरुत्वाकर्षण ना होने की वजह से उन्हें चलना नहीं पड़ता। अंतरिक्ष में रहना धरती पर रहने से बहुत अलग हैं। इतने लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने के बाद उनके अंदर कई बदलाव भी आ चुके हैं। अंतरिक्ष से लौटने के बाद धरती की ग्रेविटी के हिसाब से खुद को ढालना भी आसान नहीं है। वहीं अंतरिक्ष से कई वायरस और बैक्टीरिया के भी आने का खतरा बना रहता है। धरती पर लौटने के बाद भी सुनीता विलियम्स घर नहीं जा पाएंगे। पहले उनके टेस्ट किए जाएंगे और फिर जरूरी इलाज किया जाएगा। डॉक्टरों का कहना है कि अंतरिक्ष से वापस आने के बाद ऐसा लगता है कि उनके शरीर में ताकत नहीं रहती है। ऐसे में ग्रेविटी में फिर से ताकत हासिल करने में डेढ़ महीने का समय लग स कता है। फिर से सारे टेस्ट करने के बाद ही उन्हें घर जाने की अनुमति दी जा सकती है।



## प्यार में पड़े दो युवकों में खूनी खेल

**रायपुर,8 मार्च।** राजधानी रायपुर के पंडरी थाना क्षेत्र स्थित मोवा के अमन नगर में चाकूबाजी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एक ही युवती से प्रेम करने की रंजिश के चलते यह हमला हुआ। आरोपी पवन बघेल ने फरजान नामक युवक पर चाकू से हमला किया। जानकारी के अनुसार वारदात के तुरंत बाद आरोपी पवन बघेल मौके से फरार हो गया हैं। पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया और मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस का मानना है कि प्रेम प्रसंग के कारण दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद हमला हुआ। पंडरी थाना पुलिस सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर जांच कर रही है। फरार आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीम संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

### बोलेरो पेड़ से टकराई, 2 की मौत

**सूरजपुर,8 मार्च।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में आज सुबह एक तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित हो कर पेड़ से जा टकराई. इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई और 1 महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को तत्काल अस्पताल भेजा और मर्ग कायम कर मृतकों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया.










## एक नजर

### जामुल में संपत्ति कर शिविर का आयोजन

**जामुल,8 मार्च।** नगर पालिका क्षेत्र जामुल में करों की वसूली हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें संपत्तिकर, समेकितकर, जलकर, भुभाटक, अनुज्ञप्ति शुल्क, युजर चार्ज, दुकान किराया सहित सभी प्रकार के करों का भुगतान किया जा सकता है । 11 मार्च को देवनगर हनुमान मंदिर, वार्ड 10 में 12 मार्च को दुर्गा मंदिर मंच, वार्ड 08 एवं 12 में 17 मार्च को मसुरिया तालाब सामुदायिक भवन, वार्ड 13 में 18 मार्च को सामुदायिक भवन, वार्ड 14 में 19 मार्च को गणेश मंदिर मंच, वार्ड 15 में 20 मार्च एवं 21 मार्च को साईं मंदिर मंच संघर्ष चौक, वार्ड 16 में 22 मार्च को जय स्तम्भ चौक मंच, वार्ड 17 में 23 मार्च को आजाद चौक मंच, वार्ड 18 में 24 मार्च एवं 25 मार्च को सांस्कृतिक मंच बाजार चौक एवं कांजी हाऊस मंच, वार्ड 19 एवं 20 सुरडुंग में कर वसूली हेतु शिविर लगेगा । शिविर का समय प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे रहेगा। अतः समस्त करदाताओं को सूचित किया जाता है कि अपने मकानों, दुकानों के ऊपर समस्त करों का भुगतान अनिवार्य रूप से करें । नगर पालिका कार्यालय में भी करों का भुगतान किया जा सकता है । अतः कर जमा करने के निर्धारित दिनांक 31 मार्च तक सभी प्रकार के करों का भुगतान अनिवार्य रूप से करें ।

### कूटरचित जमानत पत्र,एफआईआर

**भिलाई, 8 मार्च।** भिलाई न्यायालय में मुकदमा जीतने के लिए कूटरचित जमानत पत्र, इकरारनामा और वचन पत्र प्रस्तुत करने का मामला सामने आया है। आरोपित के खिलाफ न्यायालय में केस लड़ रही महिला ने सूचना के अधिकार के तहत आरोपित द्वारा पुलिस को दिए गए दस्तावेज और न्यायालय में पेश दस्तावेज के अंतर के आधार पर थाना में एफआइआर कराया है दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है शांति नगर सुपेला निवासी शिकायतकर्ता रिद्धि जैन की शिकायत पर गया नगर दुर्ग निवासी आरोपित प्रकाश जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि आरोपित और पीड़िता के विरुद्ध न्यायालय में मुकदमा चल रहा है आरोपित प्रकाश ने मुकदमा जीतने के लिए न्यायालय में कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत किए थे। जबकि उसी मामले में पूर्व में पुलिस से हुई शिकायत में इस आरोपित ने जो दस्तावेज दिए थे वे और न्यायालय में जमा दस्तावेज अलग-अलग हैं आरटीआइ के तहत मिली जानकारी के आधार पर पीड़िता रिद्धि ने आरोपित प्रकाश के खिलाफ दुर्ग कोतवाली थाना में प्राथमिकी कराई है ये है पूरा मामला और आरोपित को बचा रही पुलिस रिद्धि ने बताया कि वर्ष 2016 में उसने परिचित सुल्ताना बानो को प्रकाश से ब्याज पर कर्ज दिलवाया था बतौर गारंटर उसने हस्ताक्षर किया था और अपने चेक भी दिए थे कर्ज देते समय प्रकाश ने इकरारनामा और वचन पत्र तैयार करवाया था बाद में प्रकाश ने सुल्ताना और रिद्धि के चेक को बैंक में जमा कर बाउंस करवा दिया और इस आधार पर कोर्ट में मुकदमा कर दिया मुकदमा करते समय प्रकाश ने जो दस्तावेज दिया वो कूटरचित था। उसने पूर्व में पुलिस से की गई शिकायत संबंधी दस्तावेज भी जमा किए दस्तावेज में पुलिस सील भी फर्जी है सूचना के अधिकार से मिली जानकारी में हुआ राजफाश दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज शुरू की जांच।

### स्कूटी चुराकर मोबाइल छीन कर भागा



**भिलाई, 8 मार्च।** भिलाई एक स्कूटी चुराने के बाद पैदल जा रही छात्रा का मोबाइल झपटकर भागे बदमाश कोमल कुमार ठाकुर उर्फ गोलू को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया है आरोपित ने 28 फरवरी को नेवई थाना क्षेत्र से एक स्कूटी चोरी की थी और उसके बाद उसी पर घूमते हुए सेक्टर-10 मार्केट में छात्रा से उसका मोबाइल झपट लिया था आरोपित से स्कूटी और मोबाइल बरामद किया गया है आरोपित के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय पेश किया गया जहां से रिमांड पर जेल भेजा गया है नेवई टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि बीते दो मार्च को अवधेश सिंह नाम के शिकायतकर्ता ने नेवई थाने में अपनी स्कूटी चोरी होने की रिपोर्ट %दर्ज कराई थी 28 फरवरी को रिसाली सेक्टर से पीड़ित की स्कूटी चोरी हो गई थी उसकी शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर पतासाजी शुरू की थी इसी दौरान चार मार्च को सेक्टर-10 मार्केट से पैदल जा रही एक छात्रा चित्रा साहू झपटामारी का शिकार हो गई थी। एक स्कूटी सवार बदमाश ने उसके हाथ से मोबाइल छीन लिया था। झपटामारी की शिकायत के बाद जब पुलिस ने जांच शुरू की तो सीसीटीवी कैमरे से आरोपित का चेहरा और स्कूटी का नंबर मिला। हुलिये के आधार पर पुलिस मौहारी मरोदा हल्बा भवन के पास निवासी 23 वर्षीय आरोपित कोमल कुमार ठाकुर उर्फ गोलू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उनसे स्कूटी चोरी और मोबाइल झपटने की बात स्वीकार की ।

### मर्चेन्ट एवं वायर रॉड मिल विभाग के कर्मचारी शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित

**भिलाई, 8 मार्च।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मिल जोन-1 के अन्तर्गत मर्चेन्ट एवं वायर रॉड मिल विभाग में पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह में सहायक महाप्रबंधक गोपाल राज्य एवं सहायक महाप्रबंधक पी हरि कृष्णा को पाली शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया। मर्चेंट मिल विभाग के इंजीनियरिंग एसोसिएट राजेश कुमार तिवारी, जूनियर इंजीनियर सी वी श्रीनिवास, इंजीनियरिंग एसोसिएट आर श्रीनिवास, एवं वायर रॉड मिल विभाग के इंजीनियरिंग एसोसिएट प्रमोद कुमार, चार्जमेन कम वरिष्ठ तकनीशियन दिनेश कुमार, इंजीनियरिंग एसोसिएट खेमनलाल को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भिलाई इस्पात संयंत्र में महिला सशक्तिकरण उत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**भिलाई, 8 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर, जब पूरी दुनिया जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मना रही है, वहीं सेल-भिलाई स्टील प्लांट पारंपरिक रूप से पुरुष प्रधान रहे इस स्टील उद्योग में लैंगिक समानता और सशक्तिकरण का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। सेल-बीएसपी में कई प्रेरणादायक महिलायें हैं, जिन्होंने यह साबित किया है कि ताकत, लचीलापन, दृढ़ता और समर्पण, लैंगिक सीमाओं को पार कर सकते हैं। इस महिला दिवस पर हम उन्हीं में से कुछ चुनिन्दा कहानियां साझा कर रहे हैं- मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती निशा सोनी, जिन्होंने 1984 में सेल में अपने करियर की शुरुआत की थी और अपने 29 वर्षीय सफर का श्रेय सेल की लिंग-निरपेक्ष और सहायक संस्कृति को देती हैं। उनका मानना है कि प्रोफेशनल महत्वाकांक्षाओं और व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाए रखना महिलाओं को सपनों से समझौता किए बिना उसे साकार करने में मदद करता है। कार्य-जीवन संतुलन के लिए उनका अनुशासित दृष्टिकोण - कार्यालय में अपने काम के लिए खुद को पूरी तरह से समर्पित करना और घर पर परिवार पर ध्यान केंद्रित करना उनकी सफलता की आधारशिला रहा है। महाप्रबंधक सुश्री सिम्मी गोस्वामी, जो 1993 में बीएसपी में जुड़ीं, अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताती हैं, वे उस समय ब्लास्ट फर्नेस में अकेली महिला थीं। वह उस समावेशी और सहायक वातावरण को याद करती हैं जिसने उन्हें कार्यक्षेत्र में सफलता प्राप्त करने में मदद की और पारंपरिक बाधाओं को तोड़कर सफलता की ऊंचाइयों को छुआ। महाप्रबंधक श्रीमती बोन्या मुखर्जी जो 1992 से सेल-भिलाई स्टील प्लांट का हिस्सा रहीं हैं, कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए विशेष टैग की आवश्यकता नहीं मानतीं। उनका मानना है कि महिलाओं को उनकी कड़ी मेहनत और गुणों के आधार पर ही महत्व मिलना चाहिए। महाप्रबंधक श्रीमती अनुपमा कुमारी, जो 1993 से सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत हैं, दृढ़ता और समर्पण की मिसाल हैं। महाप्रबंधक श्रीमती नीना राठौर, सेल-बीएसपी में नेतृत्व और शक्ति का एक और प्रेरणादायक उदाहरण हैं। महिला दिवस पर उनका संदेश संगठन में महिलाओं की सहनशक्ति, कठिन परिश्रम और अग्रणी भावना को रेखांकित करता है। वह महिलाओं के योगदान को केवल कर्मचारियों के रूप में नहीं, बल्कि लीडर, मार्गदर्शक और रोल मॉडल के रूप में भी महत्वपूर्ण मानती हैं। सेल-बीएसपी की श्रीमती निशा सोनी, श्रीमती बोन्या मुखर्जी, श्रीमती अनुपमा कुमारी सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं से श्रीमती विनीता द्विवेदी, मानव संसाधन से सुश्री शीजा मैथ्यू और सुश्री आर रंजनी, परियोजना विभाग से रूपम कक्कड़, शिक्षा विभाग से श्रीमती शिखा दुबे, स्टील मेल्टिंग शॉप से श्रीमती पुष्पा एम्ब्रोस, अग्निशमन विभाग से सुश्री सारिका गहने और कई अन्य महिलाओं की कहानियाँ इस बात का प्रमाण हैं कि सही समर्थन और अवसरों के साथ, महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकती हैं।

# कातरो के युवा सरपंच जितेंद्र सोनी ने 20 पंचों के साथ ली शपथ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,8 मार्च।** उतई नगर समीपस्थ ग्राम कातरो में नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। समाजसेवी डॉ पीएल साव ने युवा आइकॉन, व्यवसायिक ट्रेनर एवं अपने क्षेत्र में सर्वाधिक मतों के अंतर से जीत हासिल करने वाले जीतेन्द्र सोनी को ग्राम के प्रथम नागरिक के रूप में शपथ दिलाई। साथ ही ग्राम कातरो व मातरोडीह के 20 पंचों को भी शपथ दिलाई गई जिसमें डिलेश्वरी देवांगन, रितेश्वरी देवांगन, राजेश्वर साहू, टिकेश्वरी गड़रिया, प्रकाश साहू, सरिता साहू, प्रमिला साहू, सरोज साहू, शशि साहू, साधना साहू, पुष्पलता साहू, रोहणी कौशिक, गोविंद पटेल, तुलसी देशलहरे, भुनेश्वरी साहू, रामजी निषाद, अनिल यादव, युगलकिशोर साहू, दीपक साहू, गंगदेव साहू शामिल थे।

ग्राम के नवनिर्वाचित सरपंच जीतेन्द्र सोनी ने सभा को संबोधित करते हुए प्रचंड बहुमत के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने ग्राम के सर्वांगीण विकास को सर्वोपरि रखते हुए आगामी पांच वर्ष में ग्राम को एक मॉडल ग्राम के रूप में विकसित करना अपना प्रमुख लक्ष्य बताते हुए पहले चरण में प्रत्येक परिवार तक स्वच्छ जल की आपूर्ति, ग्राम के शासकीय स्कूल को उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षा प्रदाय करने समुचित आधारभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराना व पूर्ण नशामुक्त युवा तैयार करना एवं ग्राम के प्रत्येक बच्चों को संस्कारित करने एवं नैतिक शिक्षा प्रदान करने बाल संस्कारशाला का संचालन अनिवार्य करने की बात कही।

नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों को सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी। शपथ ग्रहण समारोह में ललित दुबे, गयाराम सोनी, अशोक साहू, अंजोर सिंह साहू, रमेश सोनी, राजकपूर साहू, बसंत देवांगन, खेमलाल साहू, तीरथ साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### महिला दिवस पर सेक्टर 5 में महिलाओं ने निकाली जागरूकता रैली

भिलाई, 8 मार्च। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर साइकिलिस्ट ग्लोबल वारियर अभियान के अंतर्गत सेक्टर 5 में महिलाओं ने जागरूकता रैली निकाली। लोगों में झिझक हटाने, प्रदूषण दूर करने और साईकिल चालक को वैश्विक पर्सनैलिटी का दर्जा दिलाने कलाकारों, साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों तथा समाजसेवियों का यह मिशन पूरे जोर शोर से जारी है। सांसद विजय बघेल ने भी इस अभियान से सबको जुड़कर अपने हिस्से का प्रदूषण दूर करने की अपील की है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अंचल की साहित्यकार मेनका वर्मा के नेतृत्व में प्रमुख रूप से प्रियंका बुंदेल, रीया राज, नव्या शान्वी देवांगन तथा बड़ी संख्या में गृहणियों ने साईकिल चलाकर एक बड़ा संदेश दिया है।

## महिला सुरक्षा के प्रति पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद: विजया केवर्त



**कवर्धा, 8 मार्च।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ए एस आई विजया केवर्त ने बताया की बालिकाओं और महिलाओं की सुरक्षा के प्रति पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद है । पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के दिशा निर्देश और जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन ओर डीएसपी अंजू कुमारी और एस आई शांता लकड़ा की मॉनिटरिंग में ए एस आई विजया केवर्त स्कूलों , कालेज में बालिका और महिला सुरक्षा और नए कानून की हमेशा जानकारी देती है । विजया अपनी टीम के साथ स्कूल , कालेज ओर विभिन्न स्थानों में लगातार पेट्रोलिंग कर आसाजमिक तत्वों पर पैनी नजर रखती है । गांवों में भी जाकर ए एस आई विजया महिला सुरक्षा के प्रति लगातार जागरूक करती है ।

## शाकंभरी महोत्सव वार्षिक सम्मेलन



**उतई, 8 मार्च।** कोसरिया मरार समाज पाटन राज के शाकम्भरी महोत्सव,वार्षिक सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान ग्राम मर्रा में रविवार को आयोजित की गई है। जिसमें समस्त पदाधिकारियों,ग्राम प्रमुखों,से निवेदन ज्यादा से ज्यादा जनसंख्या में अपने अपने ग्रामों से उपस्थिति दे कर कार्यक्रम को सफल बनावेकार्यक्रम के अतिथि गण भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, सुनील पटेल अध्यक्ष कोसरीया मरार प्रदेश अध्यक्ष ,हीरा सिंह ठाकुर अध्यक्ष उप समिति मर्रा , लक्ष्मी नारायण पटेल अध्यक्ष पटेल समाज पटान राज आशीष वर्मा पूर्व ओएसडी मुख्यमंत्री छ ग शासन, आत्माराम पटेल जिला अध्यक्ष कोसारिया मंरार समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश, गया राम पटेल अध्यक्ष को प स दुर्ग राज, दीपमाला विजय जैन जनपद सदस्य पाटन ,मुकेश देवांगन सरपंच ग्राम पंचायत मर्रा , ईश्वर पटेल रायपुर जिला अध्यक्ष कोएसरिया पटेल छ ग प्रदेश ,के के पाटिल संरक्षक को पा, पटेल समाज पाटन राज ,मोहन पटेल संरक्षण पटेल समाज पाटन राज, गणेश पटेल संरक्षक को , पटेल समाज पाटन राज ,गौकरण पटेल संरक्षक को पटेल समाज पाटन राज पवन पटेल पूर्व शाकंभरी बोर्ड सदस्य होगे।पिछले वर्ष दसवीं,बारहवीं में जो सबसे ज्यादा अंको से( प्रथम डिवीजन )से पास किये हैं उन बच्चों का इस मंच के माध्यम से सम्मान होना है।या किसी खेल,या अन्य कोई प्रतिभा से सम्मान पाया हो उसे भी इस मंच के माध्यम से सम्मान किया जाना है।ऐसे व्यक्ति,बच्चें,माता,बहनों से निवेदन किसी भी,प्रतिभा से सम्मान पाया हो उसकी कॉपी मार्कशीट की कापी पदाधिकारियों के पास जमा करेंगे वर्तमान में हुये चुनाव में जनता के बीच से चुनकर आये पाटन राज के समस्त सामाजिक बन्धुओं का इस मंच के माध्यम से सम्मान करेंगे।यह जानकारी पाटन राज पटेल समाज राज अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पटेल , पारसमणि पटेल संचालक वैवाहिक ग्रुप प्रदेश युवा प्रकोस्ट सचिव एवम् के द्वारा दी गई ।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस: रसोई के साथ-साथ परिवार की जिम्मेदारी भी उठा रहीं महिलाएं

### शराब बंदी जरुरी , पीने वाले पति को नहीं समझा सकते

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,8 मार्च।** बस के सफर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गवर्नमेंट जॉब करने वाली महिला ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर विचार व्यक्त करते हुए कहा की महिलाएं घर में बच्चों और परिवार के लिए पहले सिर्फ खाना बनाती थी लेकिन आज महिलाएं इंजीनियर , डॉक्टर , टीचर , तहसीलदार , एसडीएम ,कलेक्टर बनकर घर के साथ साथ परिवार की जिम्मेदारी भी संभाल रही है । वर्तमान में सरपंच , जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य बनी है । लेकिन चिंता की बात है की जिस घर में पति या पिता शराब पीते है उन्हें ना पत्नी समझा पाती है और बेटियां पापा को समझा सकती है यही विडंबना है । लेकिन महिला ने नाम पूछने पर बताया की मेरा नाम उषा पात्रे है और मेरी दो बेटियां डॉक्टर बन चुकी है । वर्तमान में ग्रामीण अंचलों में लड़कियां बहुत अच्छी पढ़ाई कर माता पिता के सपनो को साकार कर रही है और परिवार के लिए बेटा जैसा भूमिका निभा रही है । बस में कई छात्रा ने भी कहा की शराब बंद अवश्य होना चाहिए ।

जैतखाम



**उतई।** ग्राम डूमरडीह में सामाजिक समरसता की नई पहचान बनाई,एक ही जगह पर गिरौदपुरी के प्रतिमूर्ति स्वरूप जैतखाम की पूजा अर्चना कर गुरु घासीदास जी को आव्हान किया गया,साथ ही बजरंग बली मंदिर का स्थापना कर पूजा अर्चना किया गया। युवाओं में जगी एक अच्छी सोच जो ग्राम के लिए मिसाल है।इस आयोजन में जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा पुरेंद्र साहू,जनपद सदस्य झमित गायकवाड़,सरपंच धर्मेंद्र बंजारे,चंद्रहास चेलक सहित ग्राम के युवा बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# घर का बोझ उठाने रेलवे स्टेशन पर कुली बनी रामेश्वरी, पिता का बिल्ला आया काम



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 मार्च।** दुनिया की आधी आबादी महिलाओं की है और महिलाएं आज हर कार्य क्षेत्र में खुद को साबित भी कर रहीं हैं। चाहे वह कार्य क्षेत्र उनके मन का हो या मजबूरी का, वे हर काम को बखूबी अंजाम दे रही हैं। ऐसी ही एक महिला हैं दुर्ग जिले की रामेश्वरी। जो अपने काम की वजह से चर्चा में हैं। रामेश्वरी विगत कुछ वर्षों से दुर्ग के रेलवे स्टेशन पर कुली का कार्य कर रही हैं। कुली के कार्य से होने वाली आमदनी से ही वह अपने घर परिवार का भरण पोषण करती हैं। दुर्ग के रेलवे स्टेशन पर रामेश्वरी को यात्रियों का सामान उठाकर एक स्थान से दूसरे स्थान तक लाते व ले जाते हुए देखा जा सकता है। प्रतिदिन वह सुबह से लेकर शाम तक अपने इस कार्य को अंजाम देती हैं और इससे होने वाली आमदनी से ही उसका वह उसके परिवार का गुजारा चलता है। रामेश्वरी की माने तो उसके पिता भी स्टेशन पर कुली का कार्य किया करते थे लेकिन एक्सीडेंट हो जाने के बाद उनके पिता के लिए यह कार्य करना संभव नहीं रहा। जिसके बाद परिवार की जिम्मेदारी रामेश्वरी के सर पर आ गई। अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए रामेश्वरी ने पिता के ही बिल्ले पर कुली का काम करना मुनासिब समझा और तब से लेकर आज तक वे इस कार्य को करती आ रही हैं। दुर्ग स्टेशन पर इस वक्त कुल 26 कुली अपनी सेवाएं दे रहे हैं और इन कुलियों का भी पूरा सहयोग रामेश्वरी को रहता है। कुली का कार्य करके वह अपने घर का खर्चा तो चला ही रही है और यह भी साबित कर रहे हैं कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। अपने कार्य से रामेश्वरी आज अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बनी हुई है।

# ईश्वरी के जिला पंचायत अध्यक्ष बनते ही बीजेपी कार्यकर्ताओं और आम जनता में खुशी की लहर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 8 मार्च।** कबीरधाम जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू के बनते ही बीजेपी कार्यकर्ताओं और आम जनता में खुशी की लहर फैल गई । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय , डिप्टी सीएम विजय शर्मा और सांसद संतोष पांडेय और पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा और जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी और भाजपा संगठन को आभार व्यक्त करते हुए कहा की मेरी प्राथमिकता रहेगी की केंद्र ओर राज्य सरकार की शासन की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिले ओर सभी गांव में सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा । वीणा पांडेय , बीजेपी वरिष्ठ नेता प्रताप चंद्रवंशी , हरितिमा टिम के सदस्य सुनील जैन , जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी , प्रदेश युवा मोर्चा सदस्य पीयूष ठाकुर बीजेपी कार्यकर्ता नरेंद्र मानिकपुरी , रवि ठाकुर बीजेपी कार्यकर्ता , बीजेपी नेता चुरावन साहू , सुशील साहू , गोवर्धन साहू , ओंकार साहू , उपाध्यक्ष पवन जायसवाल , बिहारी राम धुर्वे , सौरभ शर्मा सहित हजारों बीजेपी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी । विकास में गति आए जिस पर फोकस रखेंगे । बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर ओर मिठाई खिलाकर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू को बधाई दी । कई बीजेपी कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता भेंटकर गुलाल लगाकर ओर फूलों की माला पहनाकर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू को बधाई दी ।

## स्कूल प्रबंधन सहित 23 को 65 लाख वसूली के लिए थमाया नोटिस

**रिसाली।** राजस्व वसूली करने रिसाली निगम स्कूल प्रबंधन से लेकर उद्यमी और नागरिकों को नोटिस थमाया है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने निर्देश दी है कि लंबे समय से कर जमा नहीं करने वालों का नाम काली सूची में शामिल कर उसे सार्वजनिक किया जाए। बकाया करदारों को राशि जमा करने एक सप्ताह की मोहलत दी गई है। संपत्ति कर विभाग के प्रभारी अधिकारी रवि श्रीवास्तव ने बताया कि निगम क्षेत्र के स्थापित स्कूल प्रबंधन और व्यापारियों को राशि जमा करने अंतिम चेतावनी दी गई है। जारी नोटिस में शारदा विद्यालय का नाम शामिल है। स्कूल प्रबंधन से कर के रूप में 3389888 रुपए लेनी है। इसी तरह बीआरपी चौक के बलराम त्रिपाठी से 252675, लक्ष्मण पटेल, भीखू, मुकेश, दिनेश व मेहूल से 226749, जानकी किराना स्टोर्स से 213465, नवीन सिंह मैत्री नगर से 117560, न्यू प्रभा डेऊसेस के ओंकार नाथ कश्यप से 322160, द मार्क क्लब धनोरा रोड तान्या सिंह से 191510, द मार्क क्लब के प्रतीक कुशवाहा से 191510, शक्ति विहार के ओमप्रकाश से 174116, मेन रोड स्टेशन मरोदा के कृष्णा साव से 135987, वीना विद्या निकेतन स्कूल स्टेशन मरोदा से 131108, प्रियदर्शनी नगर की हटयारिन बाई 124192, कृष्णा टॉकीज रोड की सीता पाण्डे 110892, मैत्री कुंज की सुशीला देवी मिश्रा से 107020, आशीष नगर के रजीत, कुंदन व सतीश जायसवाल से 105584, आशीष नगर के संजीव कुमार जैन 99712, गांधीनगर के सुरेन्द्र व रविन्द्र मीनू से 99389, कृष्णा टॉकीज रोड गंगा जैन से 93777, प्रगति नगर के देवकी वर्मा 90637, प्रगतिनगर की अमसत बेगम से 87045, मैत्रीनगर के एस.पी. झा से 83581, पुरैना के प्रभाकर पाण्डे से 83459 ओर मैत्रीनगर के हेमचंद साहू से 80533 रूपए वसूली करना शेष है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि 14 मार्च होली के दिन को छोड़कर शेष दिन नागरिक कर की राशि निगम कार्यालय में जमा कर सकते है। निगम आयुक्त ने शनिवार व रविवार को भी टैक्स जमा करने कार्यालय खोलने निर्देश दी है। उन्होंने कहा है कि 31 मार्च तक राशि जमा नहीं करने पर 18 प्रतिशत अधिभार एवं शास्ति शुल्क वसूल की जाएगी।

# सांसद विजय बघेल ने किया यात्री टिकट सेवा केंद्र का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 8 मार्च।** यात्री टिकट सेवा केंद्र (वाई टी एस के) भारतीय रेलवे की यात्रियों बिना किसी परेशानी के रेलवे यात्रा के लिए आरक्षित टिकट उपलब्ध करने की महत्वपूर्ण योजना है। इसी कड़ी में रेलवे द्वारा बेमेतरा वासियों की सुविधा के लिए वाई टी एस के की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसका दिनांक 07 मार्च को माननीय सांसद विजय बघेल ने का शुभारंभ किया इस अवसर पर बेमेतरा विधायक दिपेश साहू एवं मंडल रेल प्रबंधक दयानंद, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी उपस्थित रहे। रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत यह 13 वां यात्री टिकट सेवा केंद्र है इसके पूर्व मंडल में 12 यात्री टिकट सेवा केंद्र उपलब्ध है रायपुर शहर के विभिन्न स्थानों पर 07, दुर्ग शहर के विभिन्न स्थानों पर 02, भिलाई में 02 , धमतरी में 01, यात्री टिकट सेवा केंद्र उपलब्ध है यह संबंधित संस्थानों को शहरो में टिकट बिक्री काउंटर स्थापित करने और आरक्षित और अनारक्षित रेलवे टिकट बेचने की अनुमति देता है। यात्री टिकट सेवा केंद्र (संचालक) कम्प्यूटरीकृत टर्मिनलों के माध्यम से आरक्षित रेल टिकिट बेचते हैं। वाईटीएसके की अवधारणा और शुरुआत आरक्षित और अनारक्षित दोनों तरह की टिकटों की सुविधाओं के विस्तार के उद्देश्य से की गई थी। इससे यात्रियों को लाभ होगा क्योंकि उन्हें स्टेशन जाने के बजाय नजदीकी बाजार में वाईटीएसके से निर्धारित सर्विस चार्ज के साथ टिकट की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इनके कार्य का समय सामान्य आरक्षण 08:30 से (रविवार छोड़कर) 22:00 बजे तक, रविवार को 8:30 से 20:00 बजे तक एवं तत्काल बुकिंग उच्च श्रेणी 10:30 बजे से तथा निम्न श्रेणी 11:30 बजे से रहेगी।

## एक नजर

### स्टाइलिश एसयूवी की बढ़ी मांग

**रायपुर, 08 मार्च।** शानदार प्रदर्शन, रोमांचकारी और स्टाइलिश एसयूवी की बढ़ती मांग की पूर्ति के लिए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा लेजेंडर 4X4 का मैनुअल ट्रांसमिशन एमटी वैरिएंट रूपांतर पेश किया। रोमांच चाहने वाले ड्राइविंग के उत्साहियों के लिए डिज़ाइन किया गया यह नया वैरिएंट पावर, लग्जरी और अत्याधुनिक तकनीक का एक बेहतरीन मिश्रण प्रदान करते हुए जुड़ाव और नियंत्रण को बेहतर करता है। किसी भी इलाके में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार, लेजेंडर ने 2021 में भारत में अपनी शुरुआत की, जिसमें उन्नत 4X4 क्षमता हैं, जो इसे ऑफ-रोड रोमांच के लिए आदर्श साथी बनाती हैं। लेजेंडर 4X4 एमटी के केंद्र में जाना-माना 2.8लीटर डीजल इंजन है, जिसे बेजोड़ पावर डिलीवरी के लिए इंजीनियर किया गया है। 204 पीएस की पावर और 420 एनएम का टॉर्क पैदा करने वाला यह पावरट्रेन उन लोगों के लिए बनाया गया है जो अपनी ड्राइव पर पूर्ण नियंत्रण पसंद करते हैं।

### अनोखे नियमों वाली पी-4 सद्‌भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता अप्रैल में

**राजनांदगांव 08 मार्च।** प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक सोसायटी द्वारा आयोजित की जाने वाली पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2025 का भव्य आयोजन इस वर्ष शासकीय कमला




देवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव के मैदान में आयोजित की जाएगी। कलेक्टर एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रात्रिकालीन होने वाली पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक एवं आयोजन समिति के उपाध्यक्ष श्री मोहित गर्ग, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री भूपत सिंह साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। कलेक्टर एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल कहा कि पी-4 सद्भावना क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का पांचवां वर्ष है। उन्होंने प्रतियोगिता को लेकर खिलाडि़यों में उत्साह को देखते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।

### अछोली में सामूहिक विवाह संपन्न

**डोंगरगढ़, 08 मार्च।** महिला एवं बाल विकास विभाग आईसीडी एस डोंगरगढ़ के द्वारा



मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजनांतर्गत, अछोली में सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया, जिसमें 13जोड़ो का विवाह वैदिक रीति से संपन्न कराया गया, ढोल बाजे के साथ बारात निकाली गई और बारात स्वागत के पश्चात समस्त जोड़ो ने मंत्रोच्चार के साथ सात फेरे लेकर एक दूसरे को आजीवन साथ रहने का वचन दिया, आशीर्वचन प्रदान करने के लिए आदरणीय जन प्रतिनिधि श्रीमती लता सिन्हा जनपद अध्यक्ष, प्रीति वैष्णव जनपद सदस्य, ग्राम पंचायत अछोली के सरपंच महोदय श्री नन्द कुमार साहू आदि उपस्थित थे, विवाह सूत्र में बंधने वाले समस्त जोड़ो को शासन की ओर से 35000 रु का चेक प्रदान किया गया।, साथ में मंगलसूत्र बिछिया गद्दा तकिया इत्यादि भेंट किया गया। प्रमुख रूप से सुश्री सरोजा अयंगार, लक्ष्मी सोनकर, मोनिका सुकतेल, सुभद्रा राने, इंद्राणी निर्मलकर, रिकी कुर्रे,स्वाति बोरकर, उर्वशी राने, रीता भादुड़ी,भानु मति साहू, शांति धृतलहरे, सुनीता , प्रमिला, रजनी ,सुनीता बांसोंड इत्यादि उपस्थित रहे, कार्यक्रम में सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी।

### दवाखानों में दस्तावेजों की जांच

**राजनांदगांव 08 मार्च।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार नर्सिंग होम एक्ट की टीम द्वारा शहर में संचालित गैर लाईसेंस क्लीनिक एवं दवाखाना में पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। टीम द्वारा नया बस स्टैण्ड स्थित आरोग्यम सुपरस्पेशिलिटी क्लीनिक, बजरंगपुर-नवागांव स्थित राजेश लारिया, मोतीपुर स्थित मां परमेश्वरी दवाखाना-एलसी देवांगन एवं बसंतपुर स्थित शर्मा क्लीनिक शैलेष शर्मा, आस्था क्लीनिक-चन्द्रेश साहू, आर्शीवाद डेंटल क्लीनिक - डॉ. केयूरा जैन , होम्योपैथिक क्लीनिक - डॉ. विशाल गंगवानी की जांच की गई।

# मुख्यमंत्री साय ने स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव की जयंती पर उन्हें किया नमन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 08 मार्च।** मुख्यमंत्री साय ने आज अपने निवास कार्यालय में स्वर्गीय श्री दिलीप सिंह जूदेव की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत भी उपस्थित रहीं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव जी न केवल प्रखर राष्ट्रवादी थे, बल्कि छत्तीसगढ़ की अस्मिता और सांस्कृतिक पहचान के दृढ़ रक्षक भी थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन धर्म, संस्कृति और समाज सेवा के लिए समर्पित किया। उनके नेतृत्व में प्रारंभ हुआ 'घर वापसी' अभियान एक ऐतिहासिक सामाजिक आंदोलन बना, जिसने हजारों लोगों को उनकी मूल सनातन परंपरा से पुनः जोड़ने का कार्य किया। मुख्यमंत्री



साय ने कहा कि श्री जूदेव जी जल, जंगल, जमीन और जनजातीय अस्मिता के सशक्त प्रहरी थे। छत्तीसगढ़ के वनांचल क्षेत्रों में आदिवासी समाज को उनका गौरव और पहचान लौटाने के लिए उन्होंने अनवरत संघर्ष किया। उनके प्रयासों से समाज में राष्ट्रवादी चेतना का प्रसार हुआ और छत्तीसगढ़ के जनजातीय समाज को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से और अधिक जुड़ने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक विचारधारा के प्रतीक थे। उन्होंने अपने जीवन में राष्ट्रवादी मूल्यों को आत्मसात कर समाजहित में कार्य किया। उनकी दृढ़ता, निडरता और ओजस्वी नेतृत्व आज भी हम सभी को प्रेरित करता है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

# कांग्रेस पार्टी अपनी किरकिरी को पचा नहीं पा रही: सलमान खान

■ सदस्यों के निष्कासन जैसी हास्यास्पद कार्रवाई कर रही है

■ ब्लाक अध्यक्ष का मानसिक संतुलन खराब हो गया है

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया।** सोशल मीडिया में जारी ब्लाक कार्यकारिणी अध्यक्ष की अनुशंसा से जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के लेटर पेड पर जारी कांग्रेस के 8 सदस्यों को 6 साल के लिये कांग्रेस पार्टी से बहिष्कृत करने का निष्कासन आदेश जारी हुआ है जिसे देखकर ऐसा लगता है भागवत साहू अपना मानसिंक संतुलन खो चुके है और सदस्यों को बहिष्कृत करने का निष्कासन आदेश जारी करवा रहे हैं लगता है भागवत साहू अपने जिला पंचायत चुनाव में हार का दुख भूल नहीं पाये हैं उसकी खीज मिटाने के लिये ऐसी कार्यवाही करवा रहें हैं



उपरोक्त बातें सलमान खान ने अपने बयान में कही और कहा कि कांग्रेस पार्टी उन्हें आज कैसे कांग्रेस से बहिष्कृत कर रही है जबकि 31 जनवरी 2025 को कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष भागवत साहू को अपना त्याग पत्र वाट्स अप के माध्यम से दे दिया था और इसी दिन भाजपा पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली थी तो आज दिनांक 7 मार्च 2025 को उनको कांग्रेस पार्टी कैसे निष्कासित कर रही है ये समझ से परे है। सलमान खान ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी एक के बाद एक चुनाव हारने के कारण से अपनी सही स्थिति में नहीं है और कुछ के कुछ बयान जारी कर रही है। ब्लाक कार्यकारिणी अध्यक्ष राजकुमार सिन्हा जब से अध्यक्ष बने हैं तब से कांग्रेस का मटियामेट तो हो ही चुका है और पार्टी का प्रदर्शन भी बहुत खराब चल रहा है। कांग्रेस पार्टी का भविष्य अंधकारमय दिखाई दे रहा है। पार्टी को अपना मानसिंक संतुलन सुधार करना चाहिये और एक अच्छे प्रदर्शन को आमजन के सामने लाने का प्रयत्न करना चाहिये। किसी भी आदमी को कांग्रेस पार्टी का बताकर उसे पार्टी से बहिष्कृत करने का दावा करने के पहले यह जांच कर लेना चाहिये था कि उस आदमी ने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की है या नहीं जैसे कि ताहिर खान, अनील लारोकर, आसिफ खान जैसे निर्दलीय प्रत्याशियों को कांग्रेस अपना बताकर उन्हें कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिये बहिष्कृत करने का दावा कर रही है जो पूरी तरह से हास्यादपद और अपनी ही पार्टी की किरकिरी करने के लिये पूरी तरह से सक्षम है।

### महिलाएं होती हैं एक अच्छी प्रबंधक : सीईओ

**राजनांदगांव 08 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) ग्राम बरगा में %%विकास के वादे के लिए आगे बढ़े'' थीम पर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने सभी को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महिला दिवस सभी के लिए है। अब महिलाओं के प्रति सोच एवं विचारों में सामाजिक परिवर्तन आया है। महिलाओं के आगे बढने् के लिए पुरूषों का सहयोग मिलता है। महिलाएं एक अच्छी प्रबंधक होती है और घर एवं बाहर की जिम्मेदारी दोनों ही बेहतर तरीके से संभाल रही है। यह हमारी शक्ति है और हम बेहतर तरीके से कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि यह हमारे लिए है। लेकिन बाद में इसे समाप्त करना चाहिए।

# किसके सिर पर होगा उपाध्यक्ष का ताज

■ क्या कांग्रेस बचा पायेगी अपनी लाज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 08 मार्च।** नगर पंचायत छुरिया में अब नगर के उपाध्यक्ष के फैसले के लेकर अटकलों का दौर प्रारंभ हो गया है अब जितने लोग उतनी बातें कोई हकीकत बयान कर रहा है और कोई सिर्फ मजा ले रहा है। हंसी मजाक की बातें तो होती ही रहती हैं कुछ हकीकत पर भी रोशनी डाली जाय।

**कौन होगा नगर पंचायत का उपाध्यक्ष**-बहस इस बात को लेकर चल रही है, अटकलों को दौर शुरू हो गया है कि



आखिर किस पार्टी के उम्मीदवार को मिलेगी उपाध्यक्ष की बागड़ोर कौन बनेगा का नगर का उपाध्यक्ष। भाजपा और कांग्रेस के पास कद्दावर पार्षद हैं, अनुभवी पार्षद हैं अब बात सिर्फ इतनी है कि किसकी किस्मत चमकती है साथ ही एक निर्दलीय पार्षद भी है उपाध्यक्ष की दौड़ में। भाजपा के पास अनुभवी और वरिष्ठ, साफ सुथरी छवि वाले पार्षद टामेश कुम्भकार है वहीं कांग्रेस के पास भी अनुभवी और वरिष्ठ, साफ सुथरी छवि वाले पार्षद दबीज खान हैं। वहीं दूसरी ओर पिछले बार के नये उभरते युवा पार्षद में भाजपा के पास भूषण नेताम और कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष रह चुके मनोज यादव हैं। इन्हीं पार्षदों पर सबकी नजर लगी हुयी है फैसला इन चारों में से ही होना है।

**निर्दलीय पार्षद करेगा असली फैसला**-दोनों ही पार्टियों के पास अपने अपने 7 - 7 पार्षद है भाजपा के पास उनका अपना अध्यक्ष का 1 मत मिलाकर भाजपा के पास 8 सदस्य हो रहे हैं वहीं कांग्रेस के पास सिफ 7 सदस्य हैं। इस तरह से अब असली फैसला 1 निर्दलीय पार्षद अनील लारोकर वार्ड नं. 6 से हैं जिनको कांग्रेस अपनी पार्टी में शामिल करती है तो दोनों ही पार्टियों के पास 8 - 8 सदस्य हो जायेंगे। यदि निर्दलीय पार्षद अनील लारोकर बिना किसी शर्त और अनुबंध के कांग्रेस का साथ देते हैं दोनों के बराबर सदस्य होने पर फैसला बहुत मजेदार होने वाला है क्योंकि दोनों पार्टियों में टॉस या चिट से होगा फैसला इसमें किसी भी एक पार्टी को फायदा होने वाला है और दूसरी पार्टी जीत से कुछ ही दूरी पर होकर भी हार जायेगी।

### जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद का निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न

**राजनांदगांव 08 मार्च।** राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त कार्यक्रम अनुसार आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए निर्धारित समय में शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी श्री सीएल मारकण्डेय उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए सुबह 11 बजे जिला पंचायत अध्यक्ष पद हेतु श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव एवं श्रीमती विमल विभा साहू के द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। जांच उपरांत दोनों नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाए गए और मतदान कराया गया। मतदान पश्चात् मतगणना की कार्रवाई की गई। जिसमें श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव को अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचित घोषित कर प्रमाण-पत्र प्रदाय किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष का निर्वाचन शांति पूर्वक संपन्न हुआ। जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद के लिए दोपहर 2.30 बजे श्रीमती किरण अमर साहू और श्री महेन्द्र यादव के द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया।

# शिक्षित होने के पश्चात भी वर्तनी की त्रुटि करना सही नहीं: डॉ. नीता राजपूत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 08 मार्च।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में 5 मार्च बुधवार प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई व्ही रेवती के दिशा-निर्देशन एवं भूगोल विभागाध्यक्ष हेमुराम पदमे एवं डॉ नौशीन अंजुम के नेतृत्व में एक दिवसीय अंतर्विभागीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में हिंदी विभाग से डॉ. श्रीमती नीता राजपुत उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता डॉ. राजपुत का भूगोल विभाग के प्राध्यापको द्वारा पुष्पगुच्छ भेटकर स्वागत से किया गया। व्याख्यान का



मुख्य विषय वर्तनी एवं व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को वर्तनी की शुद्धता से अवगत कराना था । मुख्य वक्ता डॉ. नीता राजपूत ने बताया कि हम अपने दैनिक जीवन में वर्तनी की त्रुटि बहुत अधिक करते हैं किंतु शिक्षित होने के पश्चात भी वर्तनी की त्रुटि करना सही नहीं है इस हेतु उन्होंने वर्तनी की परिभाषा, नियम हिंदी वर्तनी के नियम, परसर्ग एवं कारक चिन्हों का प्रयोग योजक चिन्हों का प्रयोग, अनुस्वाद और चंद्रबिंदु का प्रयोग आदि महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। छात्र-छात्राओं ने प्रश्न पूछ कर समस्या का समाधान किया।

## समाचार संक्षेप

### महेन्द्र, अंगेश्वर व विभा के कांग्रेस के प्रति निष्ठा से भाजपा के कांग्रेसविहीन का सपना रहा अधूरा



**छूरिया, 08 मार्च।** जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का निर्वाचन आज जिला पंचायत मे संपन्न हुआ जिसमे सत्ताधारी भाजपा ने कांग्रेस विहीन जिला पंचायत बनाने हेतु सारे हथकंडे अपनाए, कांग्रेस के स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप निर्वाचित जिला पंचायत सदस्ययो हर संभव प्रयास किया गया कि कांग्रेस की ओर से कोई नामांकन दाखिल ही न कर पाए और निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हो जाए। पर महेन्द्र यादव, विभा साहू व अंगेश्वर देशमुख ने कांग्रेस के प्रति अपनी निष्ठा दिखाई, इन तीनो के उपर भाजपा का किसी प्रकार के प्रलोभन का कोई असर नही हुआ। संख्या मे भले ही कम रहे पर अंतिम क्षण तक एकता व संगठित होकर चुनाव मे भाग लिए। अध्यक्ष पद हेतु विभा साहू व उपाध्यक्ष पद हेतु महेन्द्र यादव ने नामांकन दाखिल किया ,हालाकि बहुमत के अभाव मे परिणाम कांग्रेस के पक्ष मे आने की संभावना तो नही था पर कांग्रेस को नीचे दिखाने तीनो की एकता को खंडित करने मे विफल रहे । अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव मे कांग्रेस को अपेक्षित मत मिलना था वह दोनो पदो मे समान से प्राप्त हुआ। आज निर्वाचन संपन्न कराने मे पूर्व मंत्री धनेश पटिला, जिलाध्यक्ष भागवत साहू, रमेश डाकलिया, पंकज बांधव, कमलजीत पिंटू, आदि सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेसी मौजूद रहे। जिला पंचायत मे विपक्ष की सशक्त भूमिका अदा करने का आश्वासन तीनो सदस्यो ने पार्टी संगठन को दिया है। जिस पर जिला कांग्रेस कमेटी ने तीनो सदस्यो को शुभकामनांए दी है।

### महिलाओं में कैंसर के लक्षण और उपचार में नई सफलताएं

**रायपुर, 08 मार्च।** महिलाओं को सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाले कैंसर हैं स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, एंडोमेट्रियल, डिम्बग्रंथि, कोलोरेक्टल और



फेफड़े। इन कैंसरों के बारे में जानकारी देकर महिलाओं को सशक्त बनाने से उन्हें जल्दी पता लगाने में मदद मिलेगी (जब वे छोटे होते हैं, फैलते नहीं हैं और उनका इलाज आसान होता है), इस तरह एक जीवन बचाया जा सकता है। महिलाओं के लिए कैंसर के तथ्य और उपचार में नई सफलताएँ। महिला दिवस संस्करण ! महिलाओं को सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाले कैंसर हैं स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, एंडोमेट्रियल, डिम्बग्रंथि, कोलोरेक्टल और फेफड़े। इन कैंसरों के बारे में जानकारी देकर महिलाओं को सशक्त बनाने से उन्हें जल्दी पता लगाने में मदद मिलेगी (जब वे छोटे होते हैं, फैलते नहीं हैं और उनका इलाज आसान होता है), इस तरह एक जीवन बचाया जा सकता है। महिलाओं के लिए कैंसर के तथ्य और उपचार में नई सफलताएँ। महिला दिवस संस्करण ! महिलाओं को सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाले कैंसर हैं स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, एंडोमेट्रियल, डिम्बग्रंथि, कोलोरेक्टल और फेफड़े। इन कैंसरों के बारे में जानकारी देकर महिलाओं को सशक्त बनाने से उन्हें जल्दी पता लगाने में मदद मिलेगी (जब वे छोटे होते हैं, फैलते नहीं हैं और उनका इलाज आसान होता है), इस तरह एक जीवन बचाया जा सकता है।

### 1 लाख 1 हजार रु की लूट की झूठी कहानी बनाने वाले आरोपी गिरफ्तार

**डोंगरगढ़, 08 मार्च।** पैसों का लालच आदमी को इतना नीचा गिरा देता है कि आदमी झूठी मनगढ़ंत कहानी बना पुलिस में झूठी शिकायत कर पुलिस प्रसाशन सहित धर्मनगरी के प्रज्ञागिरी पहाड़ी के पास लूट होने की अफवाह फैला बदनाम करने का कार्य किया है और उसी का नतीजा है कि



पुलिस ने मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए तह तक जाकर फर्जी रिपोर्ट लिखवाने वाले इलायची दाना व्यपारी के दोनों वर्करो को पकड़ लिया. पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि 05. मार्च 2025 के रात्रि में प्रार्थी स्पनील गुप्ता पिता लक्ष्मी नारायण गुप्ता उम्र- 36 साल निवासी गुड़ाखू लाईन राजनांदगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि हमारे वर्कर मारूती कैरी माल वाहक वाहन क्रमांक- सीजी 08 एएल 8425 में डोंगरगढ़ के व्यापारी गोविन्द कन्हैया के पास लायची दाना छोड़ने आये थे। जंहा से व्यपार का पैसा नगद 1 लाख 10 हजार-रू0 को लेकर वापस राजनांदगांव जा रहे थे। तभी प्रज्ञागिरी रोड हनुमान मंदिर के सामने डोंगरगढ़ के पास 04 अज्ञात व्यक्ति कार में आकर मारूती कैरी माल वाहन क्रमांक- सीजी 08 एएल 8425 को ओवर टेक कर गाड़ी को रोककर दोनों वकरों को चाकू दिखाकर गाड़ी को तोड़फोड़, मारपीट कर 1 लाख 10 हजार रू0 से भरा बैग एवं मोबाईल फोन को लूटकर भाग गये है।

### किसी भी समाज की उन्नति उस समाज की महिलाओं की उन्नति से मापी जा सकती है: पाल

**छुरिया, 08 मार्च।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च के अवसर पर व्याख्याता मधु पाल जी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि,महिला सशक्तिकरण का सीधा मतलब ये होता है की हमारे समाज की महिलायों को सक्ति और अधिकार देना होता है!महिलायों को अधिकार देने के लिए हमको



अपने समाज में कई तरह के बदलाव लाना पढ़ेगा और महिलायों और पुरुषो दोनों को एक बराबरी का दर्जा देना होगा! जिस दिन हमारे समाज में महिलायों और पुरुषो दोनों को एक बराबरी का दर्जा मिलना शुरु हो जायेगा उस दिन हमारे समाज में एक नए युग की शुरुवात हो जाएगी और वह युग विकाश का युग होगा! आज भारत में कई ऐसे जगह पर जहाँ पर महिलायों और पुरुषो दोनों को एक बराबरी का दर्जा मिलता है लेकिन इसके साथ साथ बहुत से ऐसे जगह भी है जहा पर नारी को किसी भी प्रकार की कोई छुट नहीं मिलता है! और वहां पर नारी को केवल पति की सेवा और घर की काम करने वाली समझा जाता है! जब तक हम अपने समाज के सभी नारी को पूरी तरह से सशक्त ना कर ले तब तक हमारे इस सुंदर भारत का विकाश होना बहुत मुस्किल है! श्रीमती मधु पाल ने आगे कहा कि देश को पूरी तरह से विकसित बनाने तथा विकास के लक्ष्य को पाने के लिये महिला का पूरी तरह से सशक्त होना बहुत जरुरी है! जब तक हमारे देश की सभी महिला और पुरुष साथ मिलकर काम नहीं करेगे तब तक हमारे देश का पूरी तरह से विकाश नहीं होगा।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम

# विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए महिलाओं को किया गया सम्मानित

■ महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक विकास में अविस्मरणीय सहभागिता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 08 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक दिन पहले धमतरी में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे सामुदायिक भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने मातृ शक्ति का वंदन किया और महिलाओं को देश-प्रदेश के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण सहभागिता निभाने के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। आज का कार्यक्रम वृहद महतारी वंदन सम्मेलन के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिले में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद महापौर श्री रामू रोहरा ने कहा कि महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए राज्य और केन्द्र सरकार अनेक कार्यक्रम चला रहे हैं। बिना किसी भेदभाव के मातृ शक्ति को उनका हक दिलाने कई अभूतपूर्व निर्णय भी सरकारों ने लिए हैं। उन्होंने कहा महिलाओं को अब 50 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा है, जिससे घर की चारदीवारी से बाहर



निकलकर महिलाएं अब कई दूसरे क्षेत्रों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहीं हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की महतारी वंदन योजना में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें आत्मसम्मान से जीने की राह दिखाई है। श्री रोहरा ने कहा कि सरकारें किसी भी दल की हो, आएंगी-जाएंगी, परन्तु मातृ शक्ति का सम्मान हमेशा होना चाहिए। उन्होंने धमतरी नगरपालिक निगम में एमआईसी के गठन के समय भी नारी शक्ति को अधिक से अधिक मौका देने की बात भी कार्यक्रम में कही।

कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने कहा कि आज के जमाने में महिलाएं सभी क्षेत्रों में पुरूषों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहीं हैं। महिलाओं की सहभागिता से ही हम अपने प्रदेश और देश को विकास के रास्ते पर बहुत आगे ले जा सकते हैं। उन्होंने धमतरी में महिला शक्ति का उदाहरण देते हुए बताया कि जिले की एक युवा महिला उद्यमी ने देश के सबसे बड़े बिजनेस शो 'शार्क टैंक'' में धमतरी का प्रतिनिधित्व किया है। महिला शक्ति की अनेक कहानियां हैं। एवरेस्ट फतह हो या आईआईटी, आईआईएम में पढ़ाई हो या बड़ी फैक्ट्रियां और कार्यालय-संस्थान चलाने की बात हो, महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहीं हैं। उन्होंने कहा जिले में विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा काम करने वाली महिलाओं को आगे लाने, उन्हें प्रोत्साहित करने के साथ कमजोर वर्ग की महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन हरसंभव प्रयास करेगा। इसके लिए विस्तृत योजनाएं बनाई जाएंगी और महिलाओं को उचित मदद भी उपलब्ध कराई जाएगी।

## संपादकीय

# खुद को बड़ा,विजेता समझना भी अहंकार है

हम खुद को क्या समझते हैं, यह हमारे ज्ञान पर निर्भर करता है। हमारा ज्ञान जैसा होता है, हम वैसे होते हैं।हमारा ज्ञान जैसा होता है, हम वैसा ही बनते हैं। हमारा ज्ञान जैसा होता है, हमारा आचार-विचार वैसा होता है। हमारे ज्ञान से आचार-विचार तय होते हैं तो हमारे आचार-विचार से यह पता चलता है कि हमारा ज्ञान कैसा है। हमारा ज्ञान क्या है हमारा ज्ञान कितना है। यदि हम खुद को किसी से बड़ा समझते है,विजेता समझते हैं तो इससे हमारे भीतर एक अंहकार पैदा होता है।हम बड़े हैं हम दूसरे से अलग है, वह छोटा है, वह हमसे हारा हुआ है। हम विजेता है,इसलिए बड़े है। वह हारा हुआ है, इसलिए छोटा है। .यह पश्चिमी देशों का ज्ञान है किआदमी सबसे ज्यादा ज्ञानी है,बुध्दिमान है, आदमी दुनिया में राज करने के लिए पैदा हुआ है, वह विजेता है, वह बलशाली है, वह लड़ सकता है, लड़कर जीत सकता, उसने कई युध्द जीते हैं, कई राज्यों पर विजय पाई है,अपने विशेष ज्ञान से उसने प्रकृति पर विजय पाई है, इसलिए वह प्रकृति से बड़ा है, उसे प्रकृति का दोहन करने का अधिकार है। पश्चिमी ज्ञान के चलते आदमी ने प्रकृति का अंधाधुंध दोहन कर बहुत विकास किया है, बहुत सुख सुविधाएं जुटा ली हैं। इसे वह अपनी बड़ी उपलब्धि मानता है, अपनी उपलब्धि पर उसे बड़ा घमंड है कि उसके जीतने के लिए कुछ नही बचा है। जल,थल व नभ सबको उसने जीत लिया है।लेकिन विश्व पर्यावरण में आधुनिक विकास व आधुनिक ज्ञान के कारण जो प्राकृतिक आपदाएं पश्चिमी देशों सहित विश्व के सामने आ रही हैं, उससे पश्चिमी देश निपट नहीं पा रहे हैं। उन्हे समझ नहीं आ रहा है कि इन प्राकृतिक आपदाओं से कैसे निपटा जाए। वह समझ नहीं पा रहा है कि इसके लिए वह खुद कितना दोषी है। उसे ज्ञान व विजेता होने का घमंड यह समझने नहीं दे रहा है कि विश्व में आज जो भी प्राकृतिक आपदाएं आ रही है, उसके लिए वह खुद कितना दोषी है। जिसे ज्ञान व विजेता होने का घमंड होता है, उसे लगता है कि उसने कुछ गलत नहीं किया है, इसलिए वह अपनी गलती को मानता नहीं है।जलवायु परिवर्तन के कारण आज विश्व के कई देशों में कहीं अकाल,सूखा पड़ रहा है, कहीं बेमौसम बारिश हो रही है, कहीं पहले से ज्यादा गर्मी पड़ रही है। जब बारिश होनी चाहिए तब बारिश नहीं होती है, जब बारिश नहीं होनी चाहिए तब बारिश होती है, इससे विश्व के कई देशों में कृषि को बहुत नुकसान हो रहा है। ज्यादा बारिश होने से कई देशों में भीषण बाढ़ से हर साल बहुत नुकसान हो रहा है, लोग मारे जाते हैं, जलवायु परिवर्तन का कारण पश्चिमी ज्ञान और उस पर आधारित विकास है,क्योंकि वह भूल गए हैं कि प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करने का बुरा परिणाम होता है। पश्चिमी देशों ने कई दशकों तक प्रकृति से भारी छेड़छाड़ की है, इससे विश्व का पर्यावरण असंतुलित हो गया है। इसके लिए पश्चिम के बड़े,शक्तिशाली देश दोषी है लेकिनु वह इसके लिए खुद को दोषी नहीं मानते हैं,वह इसके लिए गरीब,कमजोर देशों को दोषी मानते हैं। वह सोचते हैं कि उनका देश अलग है, उनकाआसमान अलग है, उनकी जमीन अलग है। इसलिए विश्व मे जो कुछ हो रहा है, उसके लिए वह कैसे दोषी हो सकते हैं। जो देश विश्व को परिवार नहीं समझ सकते वह विश्व की समस्याओं को समझ भी नहीं सकते। विश्व को परिवार तो वही देश समझ सकता है जो विश्व को एक मानता है।विश्व को जुड़ा हुआ मानता है, वह मानता है कि हम अलग देश में रहते हैं लेकिन वह एक पृथ्वी पर रहते है, इसलिए हम एक परिवार भी है। विश्व में जो कुछ है, वह सबका है, विश्व में जो कुछ है वह सबके लिए हैं। भारतीयों को यह ज्ञान सदियों से हैं कि विश्व का कल्याण विश्व को एक परिवार मानकर रहने में है। एक साथ शांति से रहने में है इसलिए भारतीय ज्ञान भारतीयों में यह अहंकार पैदा नहीं होने देता है कि वह बड़े है, वह विजेता है, वह शासन करने के लिए पैदा हुए हैं। परिवार के लोगों में तो आपसी प्रेम,सदंभाव होता है। उसमें सब समान होते हैं, परस्पर शांति से साथ रहकर जीवन जीने की भावना होती है।जब विश्व को परिवार मानने का भाव आदमी के मन में पैदा होता है तो विश्व में प्रकृति में जो कुछ है, वह परिवार का हिस्सा हो जाता है, उसके प्रति प्रेम,मेत्री,सदंभाव का भाव होता है। भारतीयो को शुरू से मानना है कि उसे जो कुछ मिलता है, सब प्रकृति से मिलता है। इसलिए उसने प्रकृति को बड़ा माना, खुद को छोटा माना। जब आदमी किसी को बड़ा मानता है तो वह अपने आप खुद को छोटा मान लेता है। जो छोटा होता है, वह बड़े से मांगता है, जो बड़ा होता है, देना उसका स्वभाव होता है। भारतीय ज्ञान में इसलिए जो भी बड़ा होता है, वह देवता होता है। उसे देवतास्वरूप माना जाता है। जो भी देने वाला होता है,वह बड़ा होता है, वह देता है इसलिए उसे देवता माना जाता है। देना देवता का गुण हैं, जो देता है वह देवता होता है। भारतीय संस्कृति में इसीलिए पेड़ भी बड़ा है, गाय भी बड़ी हैं। जमीन बड़ी है,आकाश बड़ा है, अग्नि बड़ी है, हवा बड़ी है। जो भी बड़ा होता है, वह आदर का पात्र होता है, जो भी बड़ा होता है,उसकी पूजा की जाती है। कुछ दशक पहले तक भारतीयों को अज्ञानी,अँधविश्वासी कहा जाता है, पेडं,गाय,पशु पक्षियों की पूजा का मजाक उड़ाया जाता था। आज पश्चिम भी मान रहा है कि पर्यावरण का हमारा ज्ञान अधूरा है, भारतीय ज्ञान ही पूरा व विश्व कल्याण करने वाला है।ब्रिटेन में हुई स्टडी में माना गया है कि हिंदू समुदाय बाकी समुदायों की तुलना में पर्यावरण सुरक्षा के लिए सबसे ज्यादा सक्रिय है। इसकी वजह यह है कि हिंदू धर्म में संपूर्ण अस्तित्व से परस्पर जुड़ाव की अवधारणा है। जो गहरी पर्यावरणीय नैतिकता को जन्म देती है। जिसमें प्रकृति को संसाधन नहीं पवित्र तत्व माना गया है। स्टडी के मुताबिक हिंदू मान्यता है कि ईश्वर हर चीज में है। इससे हर चीज का वह सम्मान करते हैं, आदर करते हैं, उसके प्रति संवेदनशील रहते हैं। इससे वह हमेशा ईश्वर से जुड़े रहते हैं। वह मानते हैं कि इस पृथ्वी पर सारी व्यवस्था ईश्वर ने की है। उसे हमें बिगाड़ना नहीं है, उसे बचा कर रखना है। हर वस्तु में ईश्वर है मानना यह जीवन जीने का सबसे अच्छा तरीका है। इससे आदमी जिस वस्तु को देखता है, उसे ईश्वर की याद आती है,वह खुद को ईश्वर से जुड़ा हुआ महसूस करता है, ईश्वर हमेशा किसी न किसी वस्तु के रूप में उसके सामने आकर चेताता रहता है कि मैं तुम्हारे सामने हूं। तुम क्या कर रहे हो,मैं देख रहा हूं। जब आदमी को हमेशा ईश्वर का ख्याल रहता है तो सबसे अच्छी बात यह होती है कि वह कुछ भी बुरा नहीं कर पाता है। आदमी तब ही कुछ बुरा करता है, जब वह ईश्वर विमुख हो जाता है, उसे ईश्वर का ख्याल नही रहता है। हिदुओं के पूर्वज इस बात को जानते थे इसलिए उन्होंने यह बात कही कि हर वस्तु में ईश्वर है। ताकि हिंदू समाज को हर वक्त ईश्वर का ख्याल रहे। वह बुरे कर्म न करे, वह जो कुछ करे यह सोचकर करे कि ईश्वर हमारे चारो तरफ है,वह सब देख रहा है।

---

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी कविता दीक्षित की बेबाक राय

# सिर्फ एक दिन क्यों... हर दिन हो महिला दिवस

**कमलेश गोगिया**

रायपुर। आधी सदी बीत चुकी है अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को, सन् 1975 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को अधिकारिक तौर पर मान्यता दी थी। तब से पूरे विश्व में 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर पुरुषों के दमखम वाले खेल के क्षेत्र में भी आधी सदी बिता देने वाली रायपुर की अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी कविता दीक्षित से वरिष्ठ पत्रकार डॉ. कमलेश गोगिया ने विशेष चर्चा की जिसमें उन्होंने अपनी बेबाक राय रखी। बकौल कविता दीक्षित, ₹इतिहास के पन्ने इस बात की गवाही देते हैं कि महिलाओं ने लैंगिक आधार पर बनाई गई सारी धारणाओं को तोड़ दिया है और अपने मजबूत इरादों के साथ खेल के क्षेत्र में भी परचम लहरा रही हैं। पूरा देश जानता है कि भारतीय महिलाओं ने पुरुषों के दमखम वाले खेलों में भी अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई है, वह ओलंपिक हो या कामनवेल्थ गेम्स और या फिर एशियन गेम्स, अनेक अंतरराष्ट्रीय खिताब जीतें हैं और भारत का मान बढ़ाया है। पेरिस 2024 ओलंपिक में भारत को पहला पदक मनु भाकर ने ही दिलाया था। इसके पहले टोक्टो ओलंपिक



2020 मीराबाई चानू ने भारत के लिए पहला पदक जीता था। इसके भी पहले 2016 में हम देखें तो, देश को बेटियों ने ही गौरवान्वित किया था। रियो डी जनेरियो के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में भारत को पहला पदक पहलवान साक्षी मलिक ने दिलाया था और दूसरा पदक बैडमिंटन में पीवी सिंधु ने जीता था। लंदन ओलंपिक 2012 में भारत की स्टार शटलर सायना नेहवाल भारत की पहली बैडमिंटन खिलाड़ी बनीं जिसने ओलिंपिक में मेडल हासिल किया था। कविता दीक्षित का मानना है कि आम लोगों की तुलना में एक खिलाड़ी पर दोहरी भूमिका की जिम्मेदारी रहती है, खेल के साथ अन्य वह सब कुछ जिसका निर्वहन सामान्य रूप से एक आदमी भी करता है। बात यदि महिला खिलाड़ी की करें तो उस पर तिहरी जिम्मेदारी आ जाती है, घर और बाहर के साथ खेल के क्षेत्र में भी अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन देना।

**आधी सदी से जारी है खेल का सफर**-बैडमिंटन की अंतराष्ट्रीय महिला खिलाड़ी रायपुर की कविता दीक्षित को



पूरे 48 साल बीत चुके हैं बैडमिंटन में, मसलन आधी सदी बिता दी बैडमिंटन के खेल में। बकौल कविता, मुझे माँ से प्रेरणा मिली क्योंकि वे भी बैडमिंटन की खिलाड़ी थीं। मुझे बचपन से ही इस खेल से बहुत प्यार था। 10-11 साल की उम्र में पहली बार उसी वर्ष जूनियर स्टेट चैंम्पियनशिप जीती। दो साल बाद फिर 1979 में स्कूल से नेशनल चैम्पियनशिप के लिए चयन किया गया। अगले साल 1980 में मध्यप्रदेश की जूनियर बैडमिंटन टीम के लिए चयन किया गया। तब, राज्य की टीम में चयन होना जिले के लिए गौरव की बात हुआ करती थी। उसी दौरान डिस्ट्रिक चैम्पयनिशप में सीनियर खिलाड़ियों को पराजित किया। फिर बुलंद हौसलों के साथ आगे बढ़ती रही, कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। 39 साल पहले पहला इंटरनेशनल मैच रूस के खिलाफ खेला था। 1987 में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में स्पोर्ट्स कोटा के तहत सेवा का अवसर मिला। कविता दीक्षित आल इंडिया इंटर इंस्टीट्यूशन, आल इंडिया पब्लिक सेक्टर सहित पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की रीजनल चैम्पियन रह चुकी हैं। कविता दीक्षित बीते एक दशक से भी ज्यादा समय से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर देश का मान बढ़ा रही हैं। इनमें ताइपेई-2007, ताइवान-2009, स्पेन-2011, कनाडा-2013, तुर्की, स्वीडन-2015, वर्ल्ड चैम्पयनशिप कोच्चि (कांस्य पदक), 2021-स्पेन और 2023 साउथ कोरिया शामिल है। सन् 1984 से कविता दीक्षित बैडमिंटन का निःशुल्क प्रशिक्षण दे रही हैं। उहोंने राज्य व देश को अनेक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं। इन उपलब्धियों के लिए वे अपने पति अनुराग दीक्षित को श्रेय देते हैं जिन्होंने विवाह के बाद भी कदम से कदम मिलाकर पूरा साथ दिया। श्री दीक्षित छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ के सह सचिव और रायपुर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव भी हैं। कविता दीक्षित भी छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ की सहसचिव हैं। पुत्र पार्थ दीक्षित टेनिस का प्रतिभावान राष्ट्रीय खिलाड़ी है।

**समाज की सोच बदलना बाकी है**-1977 में जब मैंने खेल शुरू किया तब खेल के क्षेत्र में महिलाओं को उतना एक्सपोजर नहीं मिलता था, समाज की सोच भी काफी संकीर्ण हुआ करती थी। आज वह स्थिति नहीं है, काफी जागरुकता आ गई है महिलाओं में, लेकिन समाज की सोच को बदलना अभी बाकी है। अब आप ही देखिए, हम साल में सिर्फ एक बार 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हैं, जबकि मेरी सोच है कि हर दिन महिला दिवस चाहिए, सिर्फ एक दिन क्यों... अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के पैटर्न में बदलाव देखने को मिलता है। हम यह दिवस महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए मनाते हैं, इसकी सबसे ज्यादा जरूरत गाँव की महिलाओं को है, शहर में तो ओवर-एक्सपोज की भी समस्या है। हर साल एक सिर्फ 8 मार्च को ही जागरुकता देखने को मिलती है, यदि हर दिम महिला दिवस मानें तो लोगों के विचार बदलेंगे और काफी कुछ सुधार भी आएगा।

**हर महिला को होना चाहिए खिलाड़ी** -अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी कविता दीक्षित वर्ष 2026 में एलआईसी से सेवानिवृत्त हो जाएंगी, लेकिन उन्हें देखकर उनकी आयु का अनुमान लगाना मुश्किल होता है। श्रीमती दीक्षित के अनुसार, खेल का जुनून इनसान को भीतर से मजबूत कर देता है। एक खिलाड़ी हमेशा जवान ही रहता है, उसकी उम्र का अनुमान लगाना मुश्किल होता है। मेरी तो यह सोच है कि हर महिला को कम से कम अपने जीवन में खिलाड़ी जरूर होना चाहिए क्योंकि खेल महिलाओं को न सिर्फ अनुशासन



सिखाता है, बल्कि हार पचाने की भी ताकत देता है। महिलाओं को वैसे भी प्रकृति ने सहनशील बनाया है, क्योंकि नौ माह तक कोख की पीड़ा सहन करने की ताकत भी प्रकृति ने महिलाओं को ही दी है। सामान्य महिलाओं की तुलना में महिला खिलाड़ी ज्यादा मजबूत होती हैं। खेल के मैदान में वह हार-हार कर जीतना सीखती है और पूरी सहनशक्ति के साथ विवाह के बाद ससुराल जाती है।

**परिवार में गालियाँ तो न बकें**-कविता दीक्षित के मुताबिक, यह सच है कि महिलाओं को आज भी किसी न कसी मोर्चे पर अपनी अस्मिता की तलाश करनी पड़ती है। महिला अपराध आज इस एआई के युग में भी हो रहे हैं। हमें महिलाओं के प्रति सम्मानजनक दृष्टिकोण की शुरूआत समाज की सबसे महत्वपूर्ण और प्राथमिक इकाई परिवार नामक संस्था से करनी चाहिए। परिवार में कभी भी अश्लील शब्दों और गालियों आदी का प्रयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि यहीं से दिमाग में बीज डालने की शुरूआत होती है। संचार के अत्याधुनिक माध्यमों ने तो सारी हदें पार कर दी हैं। चाहे मोबाइल हो या टेलीविजन, आज हर घर में ओटीटी की सुविधा है और इसमें चलने वाली फिल्मों से लेकर धारावाहिकों तक में महिलाओं से संबंधित गालियाँ घरों तक पहुँच रही हैं, इस पर अंकुश लगाना चाहिए।

---

# महिला यात्रियों के लिए सुरक्षित ट्रेन यात्रा सुनिश्चित करना जरूरी

**मुनव्वर खुर्शीद महानिरीक्षक, रे, सु.ब.**



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (IWD) हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। भारत में इसकी जड़ें स्वतंत्रता संग्राम और प्रारंभिक नारीवादी आंदोलनों से जुड़ी हैं, जिनका नेतृत्व सरोजिनी नायडू और कमलादेवी चट्टोपाध्याय जैसी महान विभूतियों ने किया था। स्वतंत्रता के बाद, संविधान ने महिलाओं को समान अधिकार प्रदान किए, लेकिन लिंग भेदभाव, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल की चुनौतियाँ, असुरक्षित यात्रा, पारंपरिक पूर्वाग्रह और संकीर्ण मानसिकता जैसी सामाजिक समस्याएँ बनी रहीं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1975 में इसे मान्यता देने के बाद भारत में महिला दिवस को अपनाने की गति बढ़ी और यह महिलाओं के मुद्दों को उठाने के लिए एक मंच बन गया। भारत में महिला दिवस लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता को उजागर करता है। हालाँकि प्रगति हुई है, लेकिन लिंग-आधारित हिंसा, असमान वेतन, कार्यबल में कम भागीदारी, और शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुँच जैसी समस्याएँ अब भी बनी हुई हैं। यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने के साथ-साथ उनके अधिकारों की वकालत करने और प्रणालीगत बाधाओं को दूर करने का आह्वान करता है।

**महत्व**-भारत में महिला दिवस उन अग्रणी महिलाओं का सम्मान करने का अवसर है, जिन्होंने अपने क्षेत्रों में बाधाओं को तोड़ा। यह हाशिए पर रहने वाली महिलाओं, विशेष रूप से ग्रामीण, दलित और आदिवासी समुदायों की चुनौतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी माध्यम है। यह दिन शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता और कानूनी सुधारों को बढ़ावा देने के साथ-साथ पितृसत्तात्मक मान्यताओं को चुनौती देने का संदेश देता है। अभियान, संगोष्ठियाँ और सोशल मीडिया ट्रेंड जैसे #BreÔk The Bias लैंगिक समानता की इस पुकार को और तेज करते हैं। भारत सहित दुनियाभर की महिलाएँ अपने घरों से बाहर कई प्रकार की असमानताओं और चुनौतियों का सामना करती हैं। ये समस्याएँ लिंग भेदभाव, पितृसत्तात्मक मूल्यों और प्रणालीगत बाधाओं से उत्पन्न होती हैं।

सार्वजनिक स्थानों, कार्यस्थलों और समाज में महिलाओं के सामने आने वाली असमानताओं और **समस्याओं के उदाहरण निम्नवत हैं**:-1. लैंगिक वेतन अंतर महिलाएँ अक्सर समान कार्य के लिए पुरुषों की तुलना में कम वेतन पाती हैं। भारत में यह अंतर 20-30% तक है, और असंगठित क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को और भी अधिक असमानता का सामना करना पड़ता है।

2. शिक्षा तक सीमित पहुंचः विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, गरीबी, बाल विवाह और सामाजिक मान्यताओं के कारण कई लड़कियों को शिक्षा से वंचित कर दिया जाता है। यह उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के अवसरों को सीमित करता है।

3. नेतृत्व में कम प्रतिनिधित्वः राजनीति, कॉर्पोरेट बोर्ड और अन्य निर्णय लेने वाली भूमिकाओं में महिलाओं की भागीदारी बेहद कम है। उदाहरण के लिए, भारतीय संसद में केवल 14% सांसद ही महिलाएँ हैं।

4. स्वास्थ्य सेवाओं तक असमान पहुंच महिलाएँ अक्सर स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच में बाधाओं का सामना करती हैं, जिनमें जागरुकता की कमी, आर्थिक सीमाएँ और प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़ा सामाजिक कलंक शामिल हैं।

5. डिजिटल विभाजनः विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, महिलाओं की प्रौद्योगिकी और इंटरनेट तक पहुँच कम होती है, जिससे उनकी शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता के अवसर सीमित हो जाते हैं।

**समस्याएं**

1. सार्वजनिक स्थानों पर उत्पीड़न और हिंसा महिलाओं को अक्सर सड़कों, सार्वजनिक परिवहन और बाजारों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर छेड़खानी, कैट-कॉलिंग, स्टॉकिंग और शारीरिक हमले का सामना करना पड़ता है। यौन उत्पीड़न और बलात्कार की घटनाएं एक गंभीर चिंता का विषय बनी हुई हैं, और डर या कलंक के कारण कई मामले दर्ज नहीं होते हैं।

2. सार्वजनिक परिवहन में सुरक्षा संबंधी चिंताएं महिलाओं को बसों, ट्रेनों और ऑटो-रिक्शा का उपयोग करते समय, विशेष रूप से देर रात में, सुरक्षा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पर्याप्त रोशनी और सुरक्षा की कमी इन समस्याओं को और बढ़ा देती है।

3. कार्यस्थल पर भेदभावः महिलाओं को अक्सर कार्यस्थल पर लैंगिक पूर्वाग्रह, यौन उत्पीड़न और पदोन्नति के अवसरों की कमी का सामना करना पड़ता है। ग्लास सीलिंग के कारण कई महिलाएं शीर्ष पदों तक नहीं पहुंच पाती हैं। मातृत्व अवकाश और चाइल्डकैअर सुविधाएं अक्सर अपर्याप्त होती हैं, जिसके कारण कई महिलाओं को अपनी नौकरी छोड़नी पड़ती है।

4. स्वच्छता तक पहुंच की कमीः ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाओं को साफ-सुथरे और सुरक्षित सार्वजनिक शौचालयों की कमी से जूझना पड़ता है, जिससे उनके स्वास्थ्य और गरिमा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

5. सांस्कृतिक और सामाजिक प्रतिबंधः समाज अक्सर महिलाओं की यात्रा, कपड़ों के चुनाव और सार्वजनिक जीवन में भागीदारी पर प्रतिबंध लगाता है। उदाहरण के लिए, उन्हें अकेले यात्रा करने या देर रात तक काम करने से रोका जाता है।

6. आर्थिक शोषणः घरेलू कार्य, कृषि और निर्माण कार्य जैसे असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाएँ कम वेतन, लंबे कार्य घंटे और कानूनी सुरक्षा की कमी का सामना करती हैं।

---

# जिले का अनोखा घाघरा मंदिर बिना जोड़ वाली पत्थरों की रहस्यमयी संरचना

छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में स्थित घाघरा मंदिर ऐतिहासिक और रहस्यमयी धरोहरों में से एक है। यह मंदिर जिले के मुख्यालय मनेंद्रगढ़ से लगभग 130 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और जनकपुर के पास घाघरा ग्राम में स्थित है। मंदिर की विशेषता यह है कि इसका निर्माण बिना किसी जोड़ने वाली सामग्री के, केवल पत्थरों को संतुलित करके किया गया है। यह अपने अनोखे निर्माण और झुकी हुई संरचना के कारण रहस्य और कौतूहल का केंद्र बना हुआ है।

**बिना किसी जोड़ के पत्थरों से निर्मित यह मंदिर अद्भुत स्थापत्य कला का उदाहरण**..घाघरा मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इस मंदिर में



पत्थरों को जोड़ने के लिए किसी भी प्रकार की गारा-मिट्टी, चूना या किसी अन्य पदार्थ का प्रयोग नहीं किया गया है। केवल पत्थरों को सही संतुलन के साथ रखकर इस भव्य मंदिर का निर्माण किया गया है। यह तकनीक प्राचीन भारतीय स्थापत्य कला और इंजीनियरिंग कौशल को दर्शाती है। इतना ही नहीं इस मंदिर का झुकाव भी इसे और अधिक रहस्यमयी बनाता है। इतिहासकारों और विशेषज्ञों का मानना है कि यह मंदिर किसी भूगर्भीय हलचल या भूकंप के कारण झुक गया होगा। हालांकि, सदियों पुराना यह मंदिर आज भी मजबूती से खड़ा है, जो इसकी निर्माण शैली की उत्कृष्टता को दर्शाता है।

मंदिर के निर्माण काल को लेकर इतिहासकारों में मतभेद हैं। कुछ इतिहासकार इसे 10वीं शताब्दी का मंदिर मानते हैं, जबकि कुछ इसे बौद्ध कालीन मंदिर बताते हैं। स्थानीय लोगों का विश्वास है कि यह एक प्राचीन शिव मंदिर है, जहां आज भी विशेष अवसरों पर पूजा-अर्चना की जाती है। मंदिर के भीतर किसी मूर्ति का न होना भी इसे और रहस्यमयी बनाता है। स्थानीय जनश्रुतियों के अनुसार इस मंदिर का निर्माण उस समय की अद्भुत वास्तुकला और तकनीकी कौशल का प्रमाण है। कई शोधकर्ताओं का मानना है कि यह मंदिर बौद्ध काल की किसी विशेष शैली में बनाया गया होगा, लेकिन धीरे-धीरे यह हिंदू परंपरा में समाहित हो गया।

घाघरा मंदिर केवल धार्मिक स्थल ही नहीं बल्कि यह छत्तीसगढ़ के संस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों में से एक है। इस मंदिर को देखने के लिए दूर-दूर से पर्यटक और शोधकर्ता आते हैं। मंदिर की रहस्यमयी संरचना और इसके झुके होने की वजह से यह पुरातत्वविदों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। घाघरा मंदिर भारतीय स्थापत्य कला की उस उन्नत तकनीक का उदाहरण है, जो बिना किसी आधुनिक संसाधनों के भी इतनी मजबूत और संतुलित संरचनाएं बनाने में सक्षम थी। छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों में इस मंदिर को उचित पहचान मिलने से यह क्षेत्र ऐतिहासिक और धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन सकता है।

**श्रद्धालु कैसे पहुंचे घाघरा मंदिर?**..-घाघरा मंदिर जाने के लिए सबसे नजदीकी प्रमुख कस्बा जनकपुर है। यहाँ से घाघरा गाँव तक आसानी से पहुँचा जा सकता है। यदि आप मनेंद्रगढ़ से यात्रा कर रहे हैं, तो मंदिर तक पहुंचने में लगभग 130 किलोमीटर की दूरी तय करनी होगी। सड़क मार्ग से यह स्थान आसानी से पहुँचा जा सकता है, और यात्रा के दौरान आप छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक सौंदर्य का भी आनंद ले सकते हैं।

---

# नारी तुम श्रद्धा हो विश्वास करो नभ पग ताल में

रामधारी सिंह 'दिनकर' जी नारी के बारे में कहते हैं- 'बुद्धिमान की करो प्रशंसा जब वह नहीं वहाँ हो, पर, नारी की करो बड़ाई जब वह खड़ी जहाँ हो।' किसी भी राष्ट्र के



निर्माण में महिलाओं की भूमिका महत्ती होती है। महिलाएं आज हर क्षेत्र में अग्रणी और महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सच तो यह है कि आज महिलाएं ऐसे-ऐसे कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं, जिनकी कुछ वर्ष पूर्व कल्पना तक भी नहीं की जा सकती थी।आज की महिलाएं जागृत,सचेत हैं और अनेक क्षेत्रों में नेतृत्व भी कर रही हैं। महिलाओं के विचारों और उनके जीवन मूल्यों से सुखी परिवार, परिवार के बाद आदर्श समाज और समाज के बाद समृद्ध राष्ट्र का निर्माण होता है।मनु स्मृति में स्पष्ट उल्लेख है कि जहां स्त्रियों का सम्मान होता है वहां देवता रमण करते हैं। महिलाओं को सम्मान देने, उन्हें समाज सशक्त करने के क्रम में ही 8 मार्च को हर साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो नारी 'सशक्तीकरण और समानता' का प्रतीक है। वास्तव में,नारी सशक्तीकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक क्रांति है, जो समाज में महिलाओं को समानता, स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता प्रदान करने के लिए जरूरी है। कहना ग़लत नहीं होगा कि जब एक महिला आत्मनिर्भर बनती है, सशक्त होती है, तो वह न केवल अपना जीवन बदलती है, बल्कि पूरे समाज और देश को एक नई दिशा देने का कार्य करती है। शायद यही कारण भी है कि आज हमारे देश में ही नहीं बल्कि विश्वभर में नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि महिलाएं अपनी पहचान खुद बना सकें और समाज में किसी भी क्षेत्र में पीछे न रहें। आज के दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं- चाहे वह विज्ञान का क्षेत्र हो, राजनीति का क्षेत्र हो, खेल का क्षेत्र हो, अंतरिक्ष का क्षेत्र हो, सेना हो या फिर व्यापार का क्षेत्र ही क्यों न हो। संयुक्त राज्य अमेरिका की पहली अश्वेत प्रथम महिला मिशेल ओबामा ने एकबार यह बात कही थी कि -'महिलाओं के रूप में हम जो कुछ भी हासिल कर सकते हैं, उसकी कोई सीमा नहीं है।' वास्तव में महिला और पुरुष एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, बिना किसी एक पहलू के आगे बढ़ना संभव नहीं है। एक महिला समाज की वह धुरी होती है,जिस पर परिवार,समाज और देश आगे बढ़ता है। इसलिए किसी भी समाज में महिलाओं का सशक्त होना बहुत ही महत्वपूर्ण और आवश्यक है।मलाला यूसुफजई ने एकबार यह बात कही थी कि- 'मैं अपनी आवाज उठाती हूँ - इसलिए नहीं कि मैं चिल्ला सकूँ, बल्कि इसलिए कि जिनकी आवाज नहीं है, उनकी आवाज सुनी जा सके... जब तक हममें से आधे लोग पीछे रह जाएँ, हम सब सफल नहीं हो सकते।' बहरहाल,पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि पिछले साल यानी कि वर्ष 2024 में महिला दिवस की थीम 'समावेश को प्रेरित करना' रखी गई थी और इस वर्ष यानी कि 2025 की थीम 'कारर्वाई में तेजी लाएं' रखी गई है जो कि महिलाओं के अधिकारों को तेजी से सुनिश्चित करने पर जोर देती है। कहना चाहूंगा कि सशक्त महिलाएं ही किसी देश के नेतृत्व,मार्गदर्शन, और सामाजिक परिवर्तन, विविधता और सशक्तीकरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण और अहम् भूमिका निभाती हैं। आज हमारे देश में केंद्र व राज्य सरकारें महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए लगातार प्रयासरत हैं और महिलाओं के लिए काम कर रहीं हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि भारत का महिला एवं बाल विकास मंत्रालय देश में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्हें सभी क्षेत्रों की मुख्यधारा में लाने के लिए विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों को क्रियान्वित कर रहा है। पीआईबी पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय निभर्या फंड से वन स्टॉप सेंटर(सखी सेंटर) और महिला हेल्पलाइन का सावभौमिकरण जैसी दो योजनाएं चला रहा है। वास्तव में सखी सेंटर का उद्देश्य हिंसा (घरेलू हिंसा सहित) से प्रभावित महिलाओं को एक ही छत के नीचे कई तरह की एकीकृत सेवाएं जैसे पुलिस सुविधा, चिकित्सा सहायता, कानूनी सहायता और कानूनी परामर्श, मनोवैज्ञानिक-सामाजिक परामर्श, अस्थायी आश्रय आदि प्रदान करना है। गौरतलब है कि महिला हेल्पलाइन (डब्ल्यूएचएल) योजना हिंसा से प्रभावित महिलाओं को पुलिस, वन स्टॉप सेंटर, अस्पताल, कानूनी सेवाओं आदि जैसे उपयुक्त प्राधिकरणों से जोड़कर सार्वजनिक और निजी दोनों जगहों पर 24 घंटे आपातकालीन और गैर-आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रदान करती है। डब्ल्यूएचएल देश भर में महिला कल्याण योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान करने के अलावा बचाव वैन और परामर्श सेवाओं के साथ संकटग्रस्त महिलाओं की सहायता भी करता है। महिला हेल्पलाइन से सेवाओं का लाभ उठाने के लिए महिलाएं 181 शॉर्ट कोड डायल कर सकती हैं। कठिन परिस्थितियों की शिकार महिलाएं और जिन्हें पुनर्वास के लिए संस्थागत सहायता की आवश्यकता है, उनके लिए केंद्र सरकार द्वारा स्वाधार गृह योजना क्रियान्वित की जा रही है ताकि वे समाज में सम्मान के साथ अपना जीवन जी सकें। इतना ही नहीं, तस्करी की रोकथाम और वाणिज्यिक यौन शोषण के लिए तस्करी के पीड़ितों के बचाव, पुनर्वास, पुनः एकीकरण और प्रत्यावर्तन के लिए उज्जवला योजना को भी एक केन्द्र प्रायोजित योजना के रूप में क्रियान्वित किया जा रहा है। कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित और सुविधाजनक स्थान पर आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कामकाजी महिला छात्रावास केंद्र सरकार की एक अन्य योजना है। इस योजना के तहत जहां भी संभव हो, शहरी, अर्ध-शहरी या यहां तक ??कि ग्रामीण क्षेत्रों में जहां महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर मौजूद हों, उनके बच्चों के लिए डे केयर सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना(22 जनवरी 2015 को हरियाणा के पानीपत में शुरूआत)भी केंद्र सरकार की एक बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि इस योजना की शुरुआत 22 जनवरी 2015 को शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य बाल लिंग अनुपात (सीएसआर) में गिरावट और जीवन चक्र निरंतरता में लड़कियों और महिलाओं के सशक्तिकरण से संबंधित मुद्दों को संबोधित करना था। वास्तव में, इस योजना का उद्देश्य लिंग पक्षपातपूर्ण लिंग चयन उन्मूलन को रोकना, बालिकाओं के अस्तित्व और सुरक्षा को सुनिश्चित करना और बालिकाओं की शिक्षा और भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसी प्रकार से सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में महिला शक्ति केंद्र (एमएसके) योजना को नवंबर, 2017 में मंजूरी दी गई थी।यह योजना महिलाओं के संरक्षण और सशक्तिकरण के लिए तैयार की गई है। इस योजना के तहत गांव-गांव की महिलाओं को सामाजिक भागीदारी के माध्यम से सशक्त बनाने और उनकी क्षमता का अनुभव कराने का काम किया जाता है। उल्लेखनीय है कि यह योजना राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर काम करती है। यहां यह भी गौरतलब है कि इस योजना को राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासनों के माध्यम से केंद्र और राज्यों के बीच 60:40 के लागत साझाकरण अनुपात(पूर्वोत्तर और विशेष श्रेणी के राज्यों को छोड़कर जहां वित्तपोषण अनुपात 90:10 है) के साथ लागू किया जाता है। उल्लेखनीय है कि केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 100% केंद्रीय वित्तपोषण प्रदान किया जाता है।प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) एक केन्द्र प्रायोजित सशर्त नकद हस्तांतरण योजना है, जो 01.01.2017 से पूरे देश में कार्यान्वित है। पीएमएमवीवाई के तहत मातृत्व लाभ सभी गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं (पीडब्लू एंड एलएम) को उपलब्ध है, उन पीडब्लू एंड एलएम को छोड़कर जो केंद्र सरकार या राज्य सरकारों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के साथ नियमित रोजगार में हैं.

## एक नजर

### कलेक्टर व एसपी पहुँचे धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र

**सुकमा, 08 मार्च।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव व एस पी किरण चह्वाण पहुँचे निर्माणाधीन



सड़क का जायजा लेने भेज्जी व डब्बाकोन्टा के मध्य निर्माणाधीन मार्ग का निरीक्षण करने पहुँचे जिले के दोनों आला अधिकारी अधिकारियों को दिए निर्देश सड़क मार्ग निरीक्षण कर बाद पहुँचे कोन्टा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। मरीजो को मिलने वाली सुविधाओं सहित दवाई की ली जानकारी।

### 14 मार्च को जिले में शुष्क दिवस घोषित

**दंतेवाड़ा, 08 मार्च।** कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) से जारी विज्ञप्ति अनुसार छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 एवं उसके अधीन बनाये गये नियमों एवं छत्तीसगढ़ आबकारी देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 (यथासंशोधित) के तहत वर्ष 2024-25 के लिए देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अन्तर्गत व्यवस्थापन एवं अन्य बिंदुओं पर शासन निर्देश की कंडिका 16 के अनुसार 14 मार्च 2025 को ''होली (जिस दिन रंग खेला जाए) के अवसर पर शासन द्वारा ''शुष्क दिवस'' घोषित किया गया है। अतः उक्त दिनांक 14 मार्च 2025 को जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा की समस्त देशी मदिरा दुकान सी.एस.2 (घघ) एवं विदेशी मदिरा दुकान एफ.एल. 1 (घघ) एवं विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकान एफ.एल.-1 (घघ-कम्पोजिट) तथा एफ.एल. 7 सैनिक कैंटीन फुटकर अनुज्ञप्ति पूर्णतः बंद रहेगी।

### सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर, भृत्य के पदों पर होगी नियुक्तियां

**दंतेवाड़ा, 08 मार्च।** कार्यालय जिला पंचायत से जारी विज्ञप्ति अनुसार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर क्षेत्रीय समन्वयक, लेखा सह एमआईएस सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर, भृत्य के 14 पदों ( संविदा) पर नियुक्तियां के संबंध में निर्धारित अर्हता धारक अभ्यर्थियों से दिनांक 26 मार्च 2025 सायं 5 बजे तक आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये गए हैं। पदों के विवरण वर्गवार एवं अन्य जानकारी के लिए जिले के बेवसाइट कंदजमूंकंण्दपबण्पद का अवलोकन किया जा सकता है।

### बारसूर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम

**दंतेवाड़ा, 08 मार्च।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत आज 05 मार्च 2025 को एकीकृत बाल विकास परियोजना बारसूर में महिलाओं को जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला सुरक्षा, भ्रुण हत्या, स्वच्छता, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, महतारी वंदन योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, घरेलू हिंसा, लिंग आधारित हिंसा योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई, इसके अलावा उन्हें कानूनी अधिकारों के बारे में भी बताया गया। इस कार्यक्रम में जिसमें सुपरवाइजर सुश्री ऋषिका नेताम, वित्तीय साक्षरता समन्वय विशेषज्ञ शिवम् कुमार नागरची, सखी वन स्टॉप से केस वर्कर रेखा राजपूत, प्रधान पाठक एवं शिक्षकगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्कूली बच्चे, उपस्थित हुए।

### फागुन मेला के तीसरे दिन नाच मांडनी का कार्यक्रम

**दंतेवाड़ा, 08 मार्च।** फागुन मेला तीसरे दिन में नाच मांडनी रस्म का संपादन किया गया। इसमें डोली वापसी के बाद साड़ी से ढकी हुई चांवल एवं चंदन की लकड़ी को दो टोकरी में भण्डारी एवं तुड़पा (सेवादार) लेकर रात्रि 10 बजे मोहरी बाजा की थाप पर बारह लंकवार, पड़िहार, मांझी-चालकी एवं सेवादार मेंढ़का डोबरा मैदान के देव विश्राम मंदिर में जाते है। जहाँ मोहरी बाजा की थाप पर कलार एवं कुम्हार समाज सदस्यों द्वारा मंदिर की आंगन में नृत्य किया जाता है। जिसके बाद उक्त टोकरियों को लेकर मंदिर वापस पहुंचते हैं एवं मंदिर के आंगन में भी पुनः कलार एवं कुम्हार समाज के सदस्यों द्वारा नृत्य किया जाता है।

### जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव 12 मार्च को

**सुकमा, 08 मार्च।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1933 की धारा-32 (3) सहपठित छत्तीसगढ़ पंचायत (उपसरपंच, अध्यक्ष/उपाध्यक्ष) निर्वाचन नियम, 1995 के नियमानुसार निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों से जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन कार्य दिनांक 12.03.2024 दिन बुधवार को समय प्रातः 11 बजे जिला पंचायत के सभा कक्ष (कक्ष क्रमांक-08) में प्रस्तावित है। निर्वाचन हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यालय अधिकारी एवं पीठासीन अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन के द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### आर्थिक सहायता हेतु दी गई स्वीकृति

**दंतेवाड़ा, 08 मार्च।** कार्यालय कलेक्टर से प्राप्त जानकारी अनुसार मंत्रियों के जनसंपर्क दौरे मद में 10 लाख रूपये का आवंटन इस जिले को प्राप्त हुआ है। इस संबंध में बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप लोकसभा क्र 10 बस्तर के द्वारा विधानसभा दंतेवाड़ा क्षेत्रांतर्गत जनसंपर्क निधि से कार्य स्वीकृत करने उचित उपचार, आर्थिक सहायता, दुर्घटना उपचार हेतु प्राप्त अनुशंसा के आधार पर 25 हितग्राहियों हेतु एक लाख पच्चीस हजार रूपये सहायता राशि वितरण की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

## निगम में ली सफाई कर्मचारियों की आवश्यक बैठक

# महापौर ने शहर विकास का किया वादा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 08 मार्च।** पदभार ग्रहण करने के बाद से ही महापौर संजय पाण्डे का लगातार स्वागत कार्यक्रम चल रहा है। समर्थक बधाई देने नगर निगम कार्यालय व उनके निवास स्थान पहुंच रहे हैं। इसी बीच महापौर सभी कार्यक्रम में लगातार शिरकत भी कर रहे हैं। नगर निगम कार्यालय में महापौर ने सभी सफाई कर्मचारियों की बैठक लेकर विकास का वादा किया। साथ ही उनसे सहयोग की अपील भी की। अनुपस्थित कर्मचारियों को शो-काज नोटिस जारी करने के निर्देश भी उन्होंने दिए। नगर निगम की कमान



संभालने के बाद यह उनकी पहली बैठक रही। संजय पाण्डे ने बैठक में कहा स्वच्छता के साथ ही शहर का चहुंमुखी विकास किया जाएगा। सुबह व शाम दोनों समय कचरा का संग्रहण किया जाए। सफाई कर्मचारियों से उन्होंने काम में कसावट लाने को कहा। शहर के मेन रोड में विशेष तौर पर सफाई अभियान चलाने के निर्देश भी उन्होंने दिए। वन टू वन कर्मचारियों से पूरे शहर की सफाई व्यवस्था की जानकारी भी उन्होंने ली। संजय ने कहा अपने अपने वार्डों में पार्षद की सक्रियता हो। जनता के सुझावों के साथ शहर का चहुंमुखी विकास करेंगे। जनता में उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही निगम में भाजपा की सरकार बनी है। जनता के उम्मीद पर खरा उतरना है। संजय पाण्डे ने सभी दरोगा को सफाई व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा शहर के विकास में सभी पार्षदों को महापौर के रूप में मेरा सहयोग रहेगा। सब मिलकर शहर के विकास के लिए काम करेंगे। बैठक में पार्षद पितामह नायक, हरीश पारख, हेमंत श्रीवास, दरोगा,मेट सहित सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वार्डों में शिविर, दिसम्बर माह के पेंशन का होगा भुगतान

**राजनांदगांव 08 मार्च।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह दिसम्बर 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 10 मार्च से 2 अप्रैल 2025 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 10 मार्च को बजरंगपुर वार्ड नं. 1 के लिये साहू धर्मशाला बजरंगपुर नवागांव में, महात्मा बुद्ध वार्ड नं. 2 के लिये लोधी भवन में, पदुमलाल पुनालाल बक्शी वार्ड नं. 4 के लिये पंचायत भवन नया ढाबा व स्कूल के पास मंच पुराना ढाबा में एवं 11 मार्च को मोतीपुर वार्ड नं. 3 व रामनगर वार्ड नं. 8 के लिये मोतीपुर स्कूल सामुदायिक भवन में, शासकीय मुद्रणालय वार्ड नं. 6 के लिये चिखली स्कूल में एवं महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड नं. 10 के लिये शिव मंदिर शांतिनगर में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह दिसम्बर 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

# कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने डीएलसीसी की बैठक ली

- बैठक में अनुपस्थित बैंकों पर जताई नाराज़गी
- कृषि और शिक्षा से जुड़े ऋण प्रकरणों को प्राथमिकता से करें समाधान

**रायपुर 08 मार्च।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं परामर्शदात्री समिति कि विशेष 192वीं बैठक दिसंबर तिमाही (डीएलसीसी) की बैठक ली।

कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि सभी बैंक कृषि और शिक्षा से जुड़े ऋण प्रकरणों को प्राथमिकता से लें। यदि किसी भी बैंक में ऋण से जुड़े प्रकरण आते है तो लंबित ना रखें। कम से कम औपचारिकता करते हुए प्रक्रियाओं को जल्दी पूर्ण करें और हितग्राहियों को जल्द ऋण प्रदान करें। कलेक्टर ने बैठक में बैंकों के प्रतिनिधियों के अनुपस्थित रहने पर गहरी नाराजगी जताई।

उन्होंने उक्त बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधन को कड़ा चेतावनी पत्र लिखने के निर्देश एलडीएम को दिए। साथ ही इसकी प्रतिलिपि रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया को अग्रिम कार्रवाई के लिए देने को कहा। कलेक्टर डॉ सिंह ने कहा कि एनआरएलएम और एनयूएलएम से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि इनसे जुड़े ऋण प्रकरणों का संवेदनशीलता के साथ विचार करें और उनकी प्रक्रियाओं को जल्द पूर्ण करें। बैठक में एलडीएम श्री सिराज हाईत ने जानकारी दी कि एनआरएलएम ने अपना शत प्रतिशत और एनयूएलएम ने 98 प्रतिशत पीएम स्वानिधि योजना में 92 प्रतिशत लक्ष्य अर्जित किया गया। साथ ही उन्होंने 2024-25 में प्राथमिकता लोन के टारगेट दिसंबर तिमाही तक 87 प्रतिशत अर्जित कर लिया है। इस पर डॉ सिंह ने सराहना करते हुए कहा कि सारे बैंक भविष्य में भी ऐसे जुड़े प्रकरणों का गंभीरता से समाधान करें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुमार बिश्वरंजन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# देश व समाज की ताकत है मातृशक्तिः किरण देव

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 08 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सुषमा विंग्स ऑफ़ कैंसर सपोर्ट सोसायटी के द्वारा आयोजित नारी इन साड़ी वॉकेथॉन की प्रतियोगिता हुई । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सांसद महेश कश्यप, महापौर संजय पाण्डे, अध्यक्ष (स्पीकर)खेमसिंह देवांगन, पार्षद निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दंतेश्वरी के छाया चित्र पर दीप प्रज्जवलन कर किया गया। तत्पश्चात महिलाओं ने मुद्रा डांस व जुंबा डांस भी मंच के माध्यम से प्रस्तुत किया। वॉकेथॉन स्पर्धा को 2 वर्गों में बांटा गया



था। जिसमें 03 किलोमीटर की वॉकेथॉन रही । वॉकेथॉन में 500 से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित हुयें । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव, सांसद महेश कश्यप, महापौर संजय पांडे सहित सभी अतिथियों ने झंडा दिखाकर इसका शुभारंभ किया। वॉकेथॉन प्रतियोगिता में ग्रुप ए से कुसुम को प्रथम पुरस्कार नौ हजार रुपए की नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। द्वितीय पुरस्कार के रूप में 7 हजार रुपए उर्मिला मौर्य व तृतीय पुरस्कार के रूप में 5 हजार रुपए सफल प्रतिभागी सुरेखा को दिया गया। वहीं बी ग्रुप से प्रथम पुरस्कार अमरवती मंडावी, द्वितीय पुरस्कार सीमा आचार्य, तृतीय पुरस्कार शिलेन्द्री को दिया गया। इसके साथ ही अन्य सांत्वना पुरस्कार में इलावती, सोनू चांडक, रचना जैन, रेखा मोदी, रश्मि बत्रा, सरिता पाण्डे ने बाजी मारी। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी मातृशक्ति माता एवं बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी । साथ ही श्री देव ने कहा मातृशक्ति आज समर्पण और जज्बे के साथ सेवा के नये प्रतिमान गढ़ रहे हैं। देश की ताकत एवं समाज की शक्ति हैं आज मातृशक्ति। आज हमारी माताएं और बहनें धर परिवार, खेल, व्यापार, शिक्षा,अंतरिक्ष एवं हर क्षेत्र में पूरी लगन और मेहनत से सफलता के शिखर तक पहुंची है। इस कार्यक्रम में सूषमा विंग्स के अध्यक्ष श्रीमती शशि गुप्ता सचिव श्रीमती सुनीता बोथरा,जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल, सीएमएचओ डॉ संजय बसाक, सिविल सर्जन डॉ संजय प्रसाद, डॉ आरबीपी गुप्ता, डॉ प्रदीप पाण्डे, डॉ सरिता थॉमस, डॉ उषा शुक्ला, श्रीपाल जैन, वीनू हिरवानी, मकसूदा हुसैन, करमजीत कौर, वंदना बख्शी, विमल बोथरा, सोनल बत्रा,सोनिया, नीला पांडे, प्राचीन बत्रा, नैनासिंह धाकड,विवेक सोनी, अन्नू शर्मा, रीना कोटक, सुनीता पॉल, विवेक जैन, अनिल लुक्कड़ सहित समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सुकमा में जागरूकता रैली का आयोजन

**सुकमा, 08 मार्च।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले में महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में यह रैली जिला मुख्यालय सुकमा के मिनी स्टेडियम से प्रारंभ होकर मस्तान पारा, पावारास चौक, राजवाड़ा, विश्वकर्मा मंदिर होते हुए पुनः मिनी स्टेडियम में संपन्न हुई। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद सुकमा के अध्यक्ष श्री हुंगाराम मरकाम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती माड़े बारसे, पार्षद श्रीमती भुनेश्वरी यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इसके अलावा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री बिस्मिता पाटले, बाल संरक्षण अधिकारी श्री जितेंद्र बघेल, पीपीआईए फेलो सुश्री अर्कजा, पुलिस एवं यातायात विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भी रैली में भाग लिया। रैली का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के

# जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने ली शांति समिति की बैठक

- डीजे व मुखौटों पर पूर्ण प्रतिबंध, तेज रफ्तार वाहन चलाने पर होगी कार्रवाई

**रायपुर 08 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में आज जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक ली। इस बैठक में सभी समाज के प्रमुख नागरिक शामिल हुए और उन्हें होली व अन्य त्यौहारों के मद्देनजर शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के निर्देश दिए गए। एडीएम





श्री देवेन्द्र पटेल ने कहा कि आने वाले कुछ दिनों में होली का त्योहार आने वाला है और इस समय रमजान का महीना भी चल रहा है। नागरिकों से आग्रह है कि सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में और भाईचारे के साथ इसे मनाएं। साथ ही प्रशासन से समन्वय बनाएं रखें। इस दौरान समाज प्रमुखों ने भी अपने-अपने सुझाव रखें। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर सुश्री अनुपमा आनंद, परिवीक्षाधीन आईपीएस श्री अमन झा एवं एडिशनल एसपी श्री दौलतराम पोर्ते, अपर कलेक्टर श्रीमती अभिलाषा पैकरा तथा डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम रजक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थिति थे। इस अवसर पर एडीएम देवेन्द्र पटेल ने कहा कि होली का त्यौहार रंगों का त्यौहार है, जो हम सबके जीवन में खुशियां बिखेरते हुए रंगमय बनाता है।

# नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष समेत 15 पार्षदों ने ली शपथ

- उपाध्यक्ष पद भी भाजपा जीती, कैलाश मिश्रा बने दंतेवाड़ा पालिका उपाध्यक्ष
- किरंदुल में कांग्रेस, तो बचेली, दंतेवाड़ा में भाजपा से बने उपाध्यक्ष
- सभी जनप्रतिनिधियों ने नगर विकास को बताया प्राथमिकता, समारोह के साक्षी बने नगरवासी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 8 मार्च।** नगरीय निकाय चुनाव के मतगणना में विजयश्री होने के 21वें दिन जिले के तीन निकाय दंतेवाड़ा, बचेली व किरंदुल में नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष व पार्षदों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। 07 मार्च





को दंतेवाडा, बचेली व किरंदुल में पालिका अध्यक्ष व पार्षदों ने शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद पालिका कार्यालय में उपाध्यक्ष के लिए वोटिंग हुई जिसमें किरंदुल में कांग्रेस प्रत्याशी पार्षद बबलु सिद्धकी, बचेली में भाजपा से सतीश प्रेमचंदानी उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। दंतेवाड़ा पालिका में उपाध्यक्ष का चुनाव भी काफी रोमांचक रहा। भाजपा की ओर से वार्ड क्रमांक 12 से पार्षद कैलाश मिश्रा खड़े थे तो वहीं कांग्रेस की ओर से वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद एन नागराजू उपाध्यक्ष बनने मैदान में थे। पार्षदों की वोटिंग हुई जिसमें कैलाश मिश्रा को 9 वोट मिले वहीं कांग्रेस प्रत्याशी पार्षद एन नागराजू को मात्र 7 वोट ही प्राप्त हो सके। इस तरह से कैलाश मिश्रा उपाध्यक्ष के लिए निर्वाचित हुए। नगर पंचायत गीदम व बारसूर में शपथ समारोह होना अभी बाकी है। यहां भी दोनों निकायों में भाजपा के ही उपाध्यक्ष बनेंगे इसकी प्रबल संभावना है।

दंतेवाड़ा नगर पालिका में नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को बस स्टेंड परिसर में संपन्न हुआ।

शपथ ग्रहण के लिए पूरे बस स्टेंड परिसर में टेंट शामियाना लगाकर भव्य रूप से सजाया गया था। बैंड बाजा की व्यवस्था भी की गई थी। पूरी भव्यता व तामझाम के साथ शाम 3.45 बजे अध्यक्ष पायल गुप्ता व जीते हुए सभी 15 पार्षद मंच पर पहुंचे। दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा, संगठन प्रभारी श्रीनिवास मद्दी, ओजस्वी मंडावी, चुनाव प्रभारी बृजमोहन देवांगन, भाजपा अध्यक्ष संतोष गुप्ता, रामबाबू गौतम, श्रीकुमार सिंह भदौरिया, वरिष्ठ कांग्रेसी देवी प्रकाश सिंह चौहान, प्रकाश मालवीय, पीएन उरकूडे समेत कई अन्य नेताद्वय भी मंचासीन हुए। मुख्य अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम भारत माता एवं आराध्य देव भगवान श्रीराम चंद्र जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

## समाचार संक्षेप

### विकसित भारत, युवा संसद के लिये आवेदन 9 मार्च तक





**सुकमा, 08 मार्च।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम हेतु सुकमा जिले के 18 से 25 वर्ष के युवा ÷माय भारत पोर्टल÷ के माध्यम से 9 मार्च तक आवेदन कर सकते है। शासकीय नवीन महाविद्यालय कोंटा के प्राचार्य प्रो. डी सुरेश बाबु ने बताया कि यह कार्यक्रम जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर होगा। जिला स्तर में भाग लेने के लिये युवाओं को माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर 1 मिनट का वीडियो अपलोड करना होगा । विषय ÷आपकी दृष्टि में विकसित भारत का क्या अर्थ है।÷ इनमें से 150 सर्वश्रेष्ठ वीडियो का चयन होगा। चयनित प्रतिभागियों को नोडल महाविद्यालय में ÷एक राष्ट्र, एक चुनाव ÷ विषय पर विचार रखने के लिये आमंत्रित किया जाएगा। सुकमा जिले में नोडल महाविद्यालय शासकीय नवीन महाविद्यालय कोण्टा को चुना गया है। यहां जिला स्तरीय प्रतियोगिता होगी। निर्णायक मंडल 10 विजेताओं का चयन करेगा, जो राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेगें।

- युवाओं को माय भारत पोर्टल पर करना होगा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

## शहर की बेटी प्रिया बनी एलोपैथिक डॉक्टर

**राजनांदगांव, 08 मार्च।** रिद्धि सिद्धि कॉलोनी की प्रिया चंद्रवंशी एमबीबीएस डॉक्टर बन गई है उन्हें यह उपलब्धि मिलने से कंवर समाज





सहित उनके शुभचिंताको में प्रसन्नता व्याप्त है। डॉक्टर प्रिया चंद्रवंशी शुरू से ही मेघावी रही है। कंवर समाज महासभा राजनांदगांव के संरक्षक व प्राचार्य सी एल चंद्रवंशी श्रीमती शशि चंद्रवंशी की सुपुत्री डॉ. प्रिया चंद्रवंशी को पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा एमबीबीएस की डिग्री प्रदान किया गया ।प्रिया2019बैच की छात्रा रही। प्राथमिक शिक्षा वेसलिन स्कूल चौकी, माध्यमिक शिक्षा बालभारती स्कूल राजनांदगांव,हॉयर सेकंडरी परीक्षा प्रयास आवासीय विद्यालय गुढियारी रायपुर से उत्तीर्ण की। प्रिया के बड़े भाई डॉ. दीपक चंद्रवंशी भी 2018 में एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर वर्तमान में सूरत मेडिकल कॉलेज गुजरात में पी जी (एम एस) अंतिम वर्ष का छात्र है। कंवर समाज ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

## एनएमडीसी बस्तर और दंतेवाड़ा की युवाओं को प्रदान करेगा कौशल विकास शिक्षा

**दंतेवाड़ा, 08 मार्च।** एनएमडीसी ने अपने सीएसआर कार्यक्रम के तहत दंतेवाड़ा और बस्तर जिलों के 500 युवाओं के लिए निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिए सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईपीईटी) के साथ साझेदारी की है। यह कार्यक्रम युवाओं को उद्योग-संबंधित कौशल से सक्षम बनाकर क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए तैयार किया गया है। एनएमडीसी सभी 500 छात्रों की कोर्स फीस का खर्च वहन करेगा ताकि इन कौशल विकास पाठ्यक्रमों का लाभ अधिकाधिक छात्र उठा सकें। इस पहल के तहत प्रस्तावित कोर्स योग्यता के कई स्तरों को कवर करते हैं। 8वीं पास छात्रों के लिए, मशीन ऑपरेटर - प्लास्टिक प्रोसेसिंग, इंजेक्शन मोल्डिंग, ब्लो मोल्डिंग, प्लास्टिक एक्सट्रूज़न, प्लास्टिक रीसाइक्लिंग, एफआरपी ऑपरेटर और कोर्स में बहुत कुछ शामिल हैं, जिसमें कुल 400 सीटें उपलब्ध हैं। इसी तरह, 10वीं पास छात्र डिप्लोमा इन प्लास्टिक टेक्नोलॉजी (डीपीटी) तथा डिप्लोमा इन प्लास्टिक मोल्ड टेक्नोलॉजी (डीपीएमटी) में दाखिला ले सकते हैं, जिसमें कुल 80 सीटें हैं। साईंस ग्रेजुएट के लिए, प्लास्टिक प्रोसेसिंग एंड टेस्टिंग में पीजी डिप्लोमा (पीजीडी-पीपीटी) कोर्स उपलब्ध हैं, जिसमें 20 सीटें हैं।

- निःशुल्क आजीविका कौशल विकास पाठ्यक्रम
- 8वीं पास से लेकर ग्रेजुएट तक के छात्र 10 मार्च से करा सकते हैं पंजीकरण

## जनपद उपाध्यक्ष बनते ही पार्टी के वरिष्ठों से आशीर्वाद लेने पहुंची अनीता





**राजनांदगांव, 08 मार्च।** जनपद पंचायत राजनंदगांव अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव गत दिवस संपन्न हुआ उपाध्यक्ष पद पर चुनी गई भाजपा समर्थित अनिता डिगेन्द्र सिन्हा निर्वाचित होने के बाद वरिष्ठ जनों का आशीर्वाद लेने पहुंची। श्रीमती सिन्हा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से सांसद महापौर सहित और भी नेताओं से आशीर्वाद लिया। राजनांदगाव जनपद पंचायत नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष अनिता डिगेन्द्र सिन्हा ने भाजपा के सभी नेताओ से मिलकर आशीर्वाद एवं आभार व्यक्त किया। सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, राजेश श्यामकर, रामकुमार वर्मा, गोपी साहू, महेश यादव,मनोज साहू,सभी से आशीर्वाद लेने के लिये अनिता डिगेन्द्र सिन्हा के सांथ तिलई मण्डल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर, टाकेश सिन्हा, डिगेन्द्र सिन्हा, हरिचंद सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय में भर्ती के लिए दावा आपत्ति आमंत्रित

**सुकमा, 08 मार्च।** सचिव, छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय, नया रायपुर के निर्देशानुसार एवं समय-समय पर जारी पत्र के अनुपालन में जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दोरनापाल, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुकानार एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तोंगपाल में शैक्षिक पदों पर भर्ती किये जाने हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। विज्ञापन में जारी पदों के लिए पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जिले के वेबसाइट ह्यह्वद्मद्बड्ड.द्दश1.द्बठ्ठ पर प्रकाशित की गई है। उक्त सूची के संबंध में किसी आवेदक को आपत्ति हो तो दिनांक 13.03.2025 को सायं 5.00 बजे तक कार्यालयीन समय पर जिला शिक्षा कार्यालय जिला सुकमा के सेजेस शाखा के लिपिक के पास प्रमाणिक दस्तावेज के साथ दावा आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति मान्य नहीं किए जाएँगे।

# उल्लेखनीय कार्य के लिए 108 महिलाओं का सम्मान आज

**छत्तीसगढ़ महिला सद्भावना सम्मान समारोह एवं लाहोटी मित्र मंडल का संयुक्त आयोजन**




**रायपुर, 8 मार्च।** इस वर्ष भी आज अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से वृंदावन हॉल सभागार,



सिविल लाईन्स, रायपुर में शाम 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक मनाया जाएगा। जिसमें 108 महिलाओं एवं विभिन्न सेवाभावी सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। जिनकी सूची संलग्न है। वर्ष भर किए गए उल्लेखनीय कार्य हेतु सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है, जिससे उन्हें प्रोत्साहन मिलता है। इस सम्मान समारोह का यह लगातार 12वां वर्ष है। उक्त कार्यक्रम के आयोजक डॉ. मनोज लाहोटी (सुयश हॉस्पिटल) हैं।

उक्त कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सविता जग्गी, श्री रविन्द्र सिंह, श्री नंदकुमार वर्मा, श्री धर्मेन्द्र दुर्घा, श्री हीरानंद दुल्हानी, श्री राजेश बरलोटा उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्यक्रम की भरपूर सराहना की जा रही है। सम्मानित सभी महिलाओं को पगड़ी, प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, रजत मूर्ति, शाल, श्रीफल, माला, बैच, बैग, कीट इत्यादि से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम पश्चात् सुस्वादिष्ट भोजन कराकर तथा प्रत्येक महिलाओं एवं संस्थाओं की आडियो, वीडियो क्लीपिंग कराकर सम्मानजनक विदाई दी जाएगी। उक्त कार्यक्रम का सफल मंच संचालन कार्यक्रम के संयोजक लक्ष्मीनारायण लाहोटी द्वारा किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी मुख्य संरक्षक छबिलाल सोनी द्वारा दी गई। लक्ष्मीनारायण लाहोटी व छबिलाल सोनी वर्षों से सामाजिक सेवा एवं मातृशक्ति के सम्मान में कई तरह के आयोजन करते आ रहे हैं।

### सम्मान प्राप्त उत्कृष्ट संस्था

अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल, ब्रहम राष्ट्र एकम, बन्धुत्व एकता जन सेवा समिति (जंजगिरी-दुर्ग), भागवत सेवा परिवार ग्रुप, गुरूकुल नव प्रभात, लक्ष्य वेलफेयर फाउन्डेशन सोसाइटी, माँ की शक्ति महिला मंडल (श्रीमती मधु जैन), मनोहर गौशाला, न्यू गार्डन योगा जुबा ग्रुप, नटराज नृत्यालयम् रायपुर, प्रकृति की ओर सोसायटी रायपुर, प्रयासम्, रूपाली महतारी गुडी बहुउद्देशीय संस्था (अध्यक्ष सुश्री शांता शर्मा) भिलाई, संभावना फाउंडेशन, सेवा समिति और सामाजिक कल्याण संस्था (छत्तीसगढ़), श्री शक्ति सामाजिक संस्था अध्यक्ष रमा गोर्ति (भिलाई), समर्थ जनकल्याण समिति (छ.ग.), सुंदरकांड परिवार (श्रीमती पुष्पा लाहोटी), त्रिलोकी माँ कालीबाड़ी समिति, वनवासी विकास समिति, विकास बंधन अभियान वेलफेयर सोसायटी, वी-फार नेशन।

### इन महिलाओं का होगा सम्मान

1. डॉ. अहल्या नायक
2. श्रीमती अल्पना शर्मा
3. श्रीमती अलका अग्रवाल (बिलासपुर)
4. श्रीमती अंजली गोर्वधन (बिलासपुर)
5. श्रीमती डॉ. अंजना सिंह (कोरबा)
6. श्रीमती अजंता चौधरी
7. श्रीमती आशा चौहान
8. श्रीमती अरूणलता श्रीवास्तव
9. श्रीमती अरूणा मेश्राम
10. श्रीमती अमृता शर्मा
11. डॉ. अनीशा नगरिया
12. सुश्री अनामिका क्षत्री
13. श्रीमती बी. अनिता राव
14. श्रीमती अनुकृति ओझा साल्वे
15. श्रीमती अनुराधा ठेठवार
16. श्रीमती अर्चना शर्मा
17. श्रीमती अर्चना शर्मा
18. श्रीमती आस्था भट्ट
19. श्रीमती आशी बलवानी
20. श्रीमती बिथीका बर्धन
21. श्रीमती बबीता आडवानी
22. श्रीमती बबीता मिश्रा
23. श्रीमती बी. लता (भिलाई)
24. श्रीमती भानुप्रिया रेड्डी
25. श्रीमती (डॉ.) भवानी प्रधान
26. श्रीमती दीपिका वैष्णव
27. श्रीमती दिव्या टंडन (पत्रकार)
28. श्रीमती डिम्पल अग्रवाल
29. श्रीमती डिम्पल तिवारी
30. सुश्री डामेश साहू
31. सुश्री धानी पटेल
32. श्रीमती गुरदीप कौर
33. श्रीमती गीताजंली सोनी (जैजैपुर)
34. श्रीमती गुलअफशा बेगम (बिलासपुर)
35. श्रीमती गुरूप्रित कौर (भिलाई)
36. श्रीमती गायत्री सिंह
37. श्रीमती हेमाली पवन शॉ
38. सुश्री हंसिका मिश्रा
39. श्रीमती जगदीश्वरी पटनायक
40. श्रीमती ज्योत्सना वाढ़ेर
41. श्रीमती जसवीर सरकार
42. श्रीमती कल्पना सेन
43. सुश्री कुमुद लाड
44. श्रीमती कमलनी शेलार (बिलासपुर)
45. श्रीमती कृतिका शर्मा
46. डॉ. कीर्ति श्रीवास
47. श्रीमती कविता राठी
48. श्रीमती कविता शर्मा (भोपाल)
49. श्रीमती किरण नायक
50. श्रीमती खुशबू केड़िया
51. श्रीमती लता सोनी (जैजैपुर)
52. श्रीमती लता चंद्राकर (दुर्ग)
53. सुश्री मंजूबा संत
54. (श्रीमती) डॉ. मंजिरी बक्षी
55. सुश्री ममता थानथराते
56. डॉ. ममता धुर्वे
57. श्रीमती मीना शर्मा (घरौंदा)
58. श्रीमती मीनाक्षी केशरवानी
59. श्रीमती मनीषा अडवानी
60. सुश्री मोउ गुप्ता
61. श्रीमती मृण्मई सिंह ठाकुर
62. श्रीमती मंजू सरावगी (मंजरी)
63. श्रीमती महेश्वरी माणिकपुरी
64. श्रीमती मोनिका शुक्ला
65. आचार्य निकिता मिश्रा
66. श्रीमती नचिकेता तिवारी
67. श्रीमती नम्रता यदु
68. श्रीमती निष्ठा देवांगन
69. श्रीमती निर्मला सोनी (जांजगीर)
70. श्रीमती नैनप्रीत
71. श्रीमती पामेला बैनर्जी
72. डॉ. पूजा राठी
73. श्रीमती पूजा रानी
74. श्रीमती प्रीति डुमरे राजवैध
75. श्रीमती प्रीति साहू (यू-ट्यूबर)
76. श्रीमती प्रियंका पटेल
77. श्रीमती प्रियंका सिंग
78. श्रीमती प्रतिभा त्रिपाठी (भिलाई)
79. कु. पल्लवी वर्मा
80. श्रीमती रंजीता शर्मा
81. श्रीमती रंजना सोलंकी (भिलाई)
82. श्रीमती रानी शर्मा (महासमुंद)
83. श्रीमती रानी शर्मा
84. श्रीमती रीना एस शाहा
85. श्रीमती रीता मंडल
86. सुश्री रीता मौर्य
87. श्रीमती रीता धावरे
88. श्रीमती रितु गुप्ता
89. श्रीमती रेणु पाल
90. श्रीमती सीमा पाण्डेय
91. श्रीमती सुभाषिनी सोनी
92. श्रीमती सुनिता साहू (गरियाबंद)
93. श्रीमती सुनिता दुर्घा
94. सुश्री संगीता निषाद
95. श्रीमती सुरेखा बगरिया
96. श्रीमती सुधा ठाकुर
97. श्रीमती श्रद्धा नायक
98. श्रीमती एम. सुनीता रानी
99. श्रीमती शारदा सोनी
100. श्रीमती तंद्रा चक्रवर्ती (भिलाई)
101. डॉ. तलकीन खान
102. श्रीमती उत्तरा बगरिया
103. श्रीमती उमा कुशवाहा
104. श्रीमती वीना रावत
105. सुश्री विद्या कनौजे (सोनी) (सेवा निवृत प्राचार्या)
106. श्रीमती वंदना तिवारी
107. श्रीमती वंदना पांडेय
108. श्रीमती डी. विनीता राव (बिलासपुर)

## एक नजर

### गिरौदपुरी मेला के बाद स्वच्छताग्राहियों ने संभाली सफाई की कमान



**बलौदाबाजार भाटापारा, 8 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 4 से 6 मार्च तक गिरौदपुरी में आयोजित भव्य मेले के समापन पश्चात स्वच्छाग्रही दल ने स्वच्छता अभियान की कमान संभाल ली। समर्पित स्वच्छाग्रहियों ने मेला परिसर की सफाई कर उसे स्वच्छ और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचे थे, जिससे परिसर में काफी मात्रा में कचरा एकत्र हो गया था, लेकिन स्वच्छाग्राहियों ने तत्परता दिखाते हुए पूरे परिसर की सफाई की। कलेक्टर दीपक सोनी ने स्वच्छाग्राहियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की जागरूकता और सहभागिता से ही स्वच्छता अभियान को मजबूती मिलेगी। स्वच्छाग्राहियों ने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फैलाएं। प्रशासन ने इस पहल को सफल बनाने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

### जिपं सीईओ कन्नौजे ने ली प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक

**बालोद, 8 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक ली। बैठक में डॉ. कन्नौजे ने आवास योजना के आबंटित लक्ष्य के विरूद्ध निर्माणाधीन आवासो को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को हर संभव मदद करने को कहा। बैठक में योजनान्तर्गत जनपद पंचायतो में कार्यरत समस्त विकासखण्ड समन्वयक, सहायक विकास विस्तार अधिकारी, तकनीकी सहायक (मनरेगा) एवं क्लस्टरवार ग्राम पंचायत के नोडल अधिकारियो को वित्तीय वर्ष 2024-25 में फेस-01 के तहत आबंटित लक्ष्य के विरूद्ध में शासन के मंशानुसार माह मार्च में वृहद स्तर पर गृह प्रवेश कार्यक्रम हेतु आबंटित लक्ष्य अनुरूप समस्त निर्माणाधीन आवासो को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के फेस-02 में आबंटित अतिरिक्त लक्ष्य 8952 के विरूद्ध में पंजीयन एवं स्वीकृति की कार्यवाही पूर्ण कर यथाशीघ्र प्रथम किश्त की राशि संबंधितो के खातो में अंतरित करने को कहा।

### अध्यक्ष ने नपा अधिकारी-कर्मचारियों को जारी कराया नोटिस

# कर्मचारियों के गैर-जिम्मेदाराना रवैये का खामियाजा आमजन न भुगते : अश्वनी शर्मा

**कार्यालय समय पर नहीं पहुँचने पर जताई नाराजगी**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 8 मार्च।** नगर पालिका परिषद भाटापारा में अश्वनी शर्मा के पालिका अध्यक्ष बनने के बाद कामकाज को लेकर कसावट शुरू हो गई है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष शर्मा ने नगर पालिका के जरिए आमजन को सुविधा मुहैया कराने सक्रिय रूप से काम शुरू कर दिया है। पालिका अध्यक्ष शर्मा नियमित रूप से नगर पालिका परिषद कार्यालय भी पहुँच रहे हैं। इस बीच नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों के निर्धारित समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने पर नाराजगी जताई है। अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने नाराज़गी भरे लहज़े में कहा कि, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों के गैर-जिम्मेदाराना रवैए का खामियाजा आमजन न भुगते। उन्होंने सीएमओ के जरिए 6 और 7 मार्च को पालिका के कुल 13 अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस दिलवाया है।



> अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित नहीं हो रहे। जिससे कामकाज प्रभावित हो रहा है और आमजन परेशान होते हैं। हम व्यवस्था सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठा रहे हैं।
>
> **- अश्वनी शर्मा, नपा अध्यक्ष, भाटापारा**

उल्लेखनीय है चुनाव के समय ही भाजपा प्रत्याशी रहते अश्वनी शर्मा ने कहा था कि, यदि वे निर्वाचित होकर आते हैं तो नगर पालिका परिषद के माध्यम से जनसुविधाओं को दुरुस्त करने की दिशा में काम होगा। बड़ी जीत के बाद नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष के रूप में पदभार संभालते ही अपने वायदों को निभाने को लेकर उनकी सक्रियता भी देखी जा रही है। इस कड़ी में वे नियमित कार्यालय पहुंच रहे हैं और अपनी समस्या लेकर पहुंचने वालों से मुलाकात कर उनका निदान का प्रयास कर रहे हैं लेकिन नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति नहीं होने से कार्य प्रभावित हो रहा है। इसे लेकर अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने नाराज़गी जताई है।

इस कड़ी में 7 मार्च को कार्यालय में समय पर उपस्थित नहीं होने वालों को मुख्य नगर पालिका अधिकारी के माध्यम से नोटिस जारी कराया गया है। दूसरी ओर शर्मा ने मीडिया के माध्यम से संदेश दिया कि, भाटापारा में पूर्ववर्ती पालिका अध्यक्ष और उनके नेताओं की उदासीनता या शह देने से नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी अपने कर्तव्य के प्रति गैर-जिम्मेदाराना रवैयै से काम कर रहे हैं। इसका खामियाजा आमजनता को भुगतना पड़ रहा है।

अध्यक्ष शर्मा ने कहा, अब तक नगर पालिका में जो चला वह अब नहीं चलेगा। पालिका अध्यक्ष के रूप में वे स्वयं और पार्षदगण जनप्रतिनिधि के रूप में अपनी पूरी जवाबदेहिता से काम करेंगे तो पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों को भी अपने कर्तव्य, अपनी जिम्मेदारी के लिए गंभीर होना पड़ेगा। जो भी काम को लेकर लापरवाही करता है या उदासीन रवैया अपनाता है तो भाटापारा नगर पालिका परिषद में उनके लिए जगह नहीं रहेगी।

### गिरौदपुरी मेले के सफल संचालन पर कलेक्टर दीपक सोनी ने दी बधाई और जताया आभार

**बलौदाबाजार भाटापारा, 8 मार्च।** गिरौदपुरी धाम में 04 से 06 मार्च तक आयोजित गिरौदपुरी मेले का सफलतापूर्वक समापन हुआ। मेले के उत्कृष्ट संचालन के लिए कलेक्टर दीपक सोनी ने अधिकारियों, कर्मचारियों और मेला समिति को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि गिरौदपुरी बाबा गुरु घासीदास जी की जन्मभूमि है।हर वर्ष श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहता है। इस वर्ष भी मेले का आयोजन भक्तिमय और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रशासन और मेला समिति के बेहतर प्रबंधन के कारण मेले में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि मेले के सफल संचालन में सभी अधिकारियों,



कर्मचारियों, स्वयंसेवी संगठनों और आम नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों में सभी की सहभागिता आवश्यक होती है, जिससे श्रद्धालुओं को अच्छी व्यवस्था मिल सके और धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों की गरिमा बनी रहे। प्रशासन ने मेले के दौरान सभी आवश्यक सेवाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। कलेक्टर ने मेले में योगदान देने वाले सभी लोगों को धन्यवाद दिया और भविष्य में भी इसी तरह के सहयोग की आशा व्यक्त की।


**नाम परिवर्तन**

मैं रामेश्वर कोर्राम पिता सुजानिक कोर्राम निवासी ग्राम कौहापानी पो. थाना बोरतलाव तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. का निवासी हूं मेरे पुत्र के आधार कार्ड/शाला अभिलेख में नाम हिमेश कुमार कोर्राम पिता रामेश्वर कोर्राम अंकित हैं जिसे मैंने अपने पुत्र का नाम हमराज कोर्राम पिता रामेश्वर कोर्राम निवासी कौहापानी बोरतलाव नाम परिवर्तन कर लिया हूं एवं मुझे मेरे पुत्र का नाम परिवर्तन किये जाने नाम से जाना एव पहचाना जावे।

सूचना जाने।

भवदीय
रामेश्वर कोर्राम

**नाम परिवर्तन**

मैं श्रीमति उमा देवी पति गणेश पात्रो निवासी किल्लापारा वार्ड नं. 01 डोंगरगांव पो. थाना डोंगरगाव तहसील डोंगरगांव जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं मेरे राजस्व अभिलेख ग्राम झितराटोला तहसील छुरिया में मेरा नाम बिसरी पिता समारू अंकित हैं जिसे मैंने अपने विवाह के उपरांत अपना पुरा व सही नाम श्रीमति उमा देवी पिता समारू पति गणेश पात्रो निवासी डोंगरगांव नाम परिवर्तन कर ली हूं एवं मुझे मेरे परिवर्तन किये नाम से नाम से जाना एव पहचाना जावे।

सूचना जाने।

भवदीय
श्रीमति उमा देवी


# ग्राम हसदा में नवनिर्वाचित सरपंच व पंचों ने ली शपथ

**मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व सदस्य गणेश सिंह ध्रुव**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 8 मार्च।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हसदा में आज नव निर्वाचित सरपंच सावित्री ध्रुव एवं ग्राम के 10 पंचगण ने शपथ लिए हैं जिसमें ग्राम पंचायत के सचिव ने सभी नवनिर्वाचित सरपंच व निर्वाचित पंच लोगों को शपथ दिलाए इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप मे छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व सदस्य गणेश सिंह ध्रुव थे विशेष अतिथि के रुप में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अशोक तिवारी ग्राम पंचायत के सचिव दौलत साहू ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच भूपेंद्र वर्मा पंच माधुरी भारती डहरिया, खेम कुमारी, ममता ध्रुव, कोमल, दमयंतीन, माधु बाई, पांच अश्वनी भारत, आत्माराम, एवं रोजगार सहायक प्रतिभा वर्मा एवं गांव के वरिष्ठ जन जनकू ध्रुव, जगदीश, मनीराम, राधे वर्मा, बाबूराम वर्मा, नंदू वैष्णव, संतोष डहरिया, किशन सोनवानी, धनीराम यादव, रामकुमार वर्मा, नंदू सोनवानी, रज्जू सोनवानी सरपंच पति पुनऊ राम ध्रुव, शिवम् ध्रुव, एवं भारी संख्या में ग्राम वासी आज के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उपस्थित रहे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य गणेश सिंह ध्रुव जिला कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष अशोक तिवारी आज के शपथ ग्रहण कार्यक्रम के साक्षी बने।




**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED**
(A Chhattisgarh Government Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ACE (S&P) Dr. SPM TPS, KORBA (EAST), DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. - (07759) 228501, TELEFAX -228501 Email: sepnw.dspmke@cspc.co.in

**E-TENDER NOTICE NO.-3041/25**

Online bids are invited by the undersigned through CSPGCL e-bidding system (SAP SRM) for, 2x250MW, DSPM TPS, CSPGCL, Korba East.

| S. No. | Tender Specification No. | RFX No. of E-Tender | Particulars | Qty. | Last date & time of bid submission | E.M.D. (Rs.) | Tender Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 16-06/ DSPM TPS/S&P/EE-I/ Safety/ T-3122/25 | 8100041982 | Assistance of Trained Fire personnel for round the clock duty in three shifts for Firefighting duty in DSPM TPS, CSPGCL, Korba East. | As per Tender Schedule | 26.032025 up to 15:30 Hrs. | 10,550/- | 590/- |

For more details, please visit our website at: – https://www.cspc.co.in. Any amendment/ corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

SAVE ELECTRICITY

SUPERINTENDING ENGINEER (CONTRACT)
DSPM TPS, CSPGCL, KORBA, EAST

संवाद-43155/1


### ग्राम कांटाखुसरी में दो दिवसीय रामचरितमानस गान सम्मेलन सम्पन्न

# गायकों व संगीतकारों की प्रस्तुतियों से श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 8 मार्च।** तहसील मुख्यालय छुरा से 10 किलोमीटर दूर वनांचल में स्थित ग्राम कांटाखुसरी में नवयुवक मंडल एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय रामचरितमानस गान सम्मेलन संपन्न हुआ।यह कार्यक्रम 3 एवं 4 मार्च 2025 को आयोजित किया गया था।इस सम्मेलन में रामचरितमानस के विभिन्न भागों का गायन किया गया, जिसमें राम के जीवन की महिमा और उनकी भक्ति का अद्भुत चित्रण प्रस्तुत किया गया।यह कार्यक्रम राम जी की शोभा कलस यात्रा तथा श्रीराम के भव्य आरती से प्रारंभ हुआ। इस मौके पर सभी उपस्थित लोग राम के जयकारे के साथ आयोजन स्थल में भक्ति का वातावरण बना रहे थे। उद्घाटन समारोह के बाद, विभिन्न मानस मंडलियों द्वारा राम की भक्ति धारा प्रवाहित किया गया, जिसमें श्रीराम के जन्म और उनके बचपन की कथाओं का सुंदर वर्णन किया गया।



इस अवसर पर प्रमुख गायकों और संगीतकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सम्मेलन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने इस विशेष अवसर का भरपूर आनंद लिया और राम के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर मनन किया। रामचरित मानस न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों के प्रचार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राम, सीता, रावण, हनुमान और अन्य प्रमुख पात्रों के जीवन और संघर्षों को दर्शाया गया।

समापन समारोह में विशेष रूप से राम के आदर्शों, उनके जीवन के संघर्षों और उनके द्वारा दिखाए गए आदर्शों को प्रस्तुत किया गया। प्रमुख आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को रामायण के द्वारा दिए गए मूल्य, जैसे कि सत्य, धर्म, और त्याग का पालन करने के लिए प्रेरित करना था।

संरक्षक एवं ग्राम पटेल भीम राम नायक ने कहाः हमारा उद्देश्य रामायण के माध्यम से समाज में नैतिकता, सत्य, और धर्म के महत्व को उजागर करना था। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम एक नई पीढ़ी को राम के आदर्शों से प्रेरित करना चाहते हैं। रामायण के समापन के साथ ही अब लोग अपने जीवन में राम के आदर्शों को अपनाने का संकल्प ले रहे हैं, और आयोजकों का मानना है कि यह कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करेगा। इस सफल आयोजन ने न केवल राम के जीवन को समर्पित भक्ति गीतों के माध्यम से जनमानस को प्रेरित किया, बल्कि रामचरितमानस के महत्त्व को भी सभी के दिलों में पुनः जीवित किया।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**
(Phone no. 07786-296071, Email Id-eekon-phe-cg@gov.in)

**-:: ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना::-**

छत्तीसगढ़ की राज्यपाल की ओर से जिला कोण्डागांव में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

**कार्य का नाम :- जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजना कार्य।**

| स. क्र. | निविदा क्रमांक दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 53/05.03.2025 | 165584 | छोटेभिरावण्ड एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 13.35 |
| 02 | 54/05.03.2025 | 165585 | कोहकाड़ी एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 27.97 |
| 03 | 55/05.03.2025 | 165586 | आदनबेड़ा एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 16.81 |
| 04 | 56/05.03.2025 | 165587 | रावबेड़ा एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 20.58 |
| 05 | 57/05.03.2025 | 165588 | प्रधानचेर्रा एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 22.85 |
| 06 | 58/05.03.2025 | 165589 | जरण्डी एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 22.80 |
| 07 | 59/05.03.2025 | 165590 | सिवनीपाल एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 36.66 |
| 08 | 60/05.03.2025 | 165591 | कोपरा एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 63.89 |
| 09 | 61/05.03.2025 | 165592 | पारोण्ड एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 43.31 |
| 10 | 62/05.03.2025 | 165593 | हरवेल एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 46.12 |
| 11 | 63/05.03.2025 | 165594 | हात्मा एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 69.73 |

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट बेव पोर्टल http://cgeprocurement.gov.in पर तथा विभागीय बेवसाईट http://phedcegprocurement.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 23.03.2025 है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
कोण्डागांव (छ.ग.)

जी-242505823/3




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26